▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 71
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

# दैनिक जूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, गुरुवार 24 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

### ब्यावर जिले के जैतारण में सेवा संवाद कार्यक्रम-सेवा संकल्प यात्रा अभियान में पहुंचे सीएम, विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दशकों से अटकी परियोजनाओं का हुआ समाधान, राजस्थान को मिलेगा पर्याप्त पानी: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास का किया रोडमैप तैयार, प्रदेश के युवाओं का भविष्य होगा उज्ज्वल**





**जूम न्यूज़ • जैतारण/ब्यावर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए ऐसा रोडमैप तैयार किया है, जिससे प्रदेश के हर गांव का सुनियोजित विकास होगा। इसमें खेल मैदान से लेकर अटल ज्ञान केंद्रों की सुविधाएं शामिल हैं। हमारी सरकार की मंशा है कि युवा इन अटल ज्ञान केंद्रों में ई-लर्निंग की सुविधाओं का फायदा उठाएं और उज्ज्वल भविष्य बनाएं।

मुख्यमंत्री बुधवार को जैतारण में सेवा संवाद कार्यक्रम-सेवा संकल्प यात्रा अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान हुआ है। राजस्थान की पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए रामजल सेतु, यमुना जल समझौता, नर्मदा समझौता और किशाऊ बहुद्देश्यीय बांध परियोजना जैसे बड़े अंतरराज्यीय समझौते हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवा, महिला, किसान और मजदूर का सशक्तिकरण किया जा रहा है, जिससे देश मजबूत होगा। उनके मार्गदर्शन में राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। हम बिजली लेने की जगह



अन्य राज्यों को दे रहे है। वहीं, रोडवेज से लेकर डेयरी जैसे उपक्रम भी फायदे में है। किसानों को गेहूं की एमएसपी पर 150 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियानों ने समाज और देश को नई दिशा दी है। राजस्थान भी उनके एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर हरियालो राजस्थान अभियान चला रहा है, जिसके अंतर्गत 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक एवं ट्राई साइकिल वितरित की। मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधारोपण भी किया। साथ ही, उन्होंने पावन धाम परिसर में जैन संत रूपमुनि जी महाराज सा. एवं मिश्रीमल जी महाराज सा. के समाधि स्थल पर नमन किया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक शोभा चैहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और आमजन उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्थान के भाजपा प्रभारी संजय भाटिया

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को 36 राज्यों में पार्टी के नए प्रभारियों और कई राज्यों में सह-प्रभारियों का ऐलान किया। संजय भाटिया को राजस्थान और बिप्लब कुमार देव को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। राजस्थान में पहले डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल प्रभारी थे। वहीं, मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी डॉ. महेंद्र सिंह के पास थी। नई लिस्ट के मुताबिक, स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा का प्रभारी बनाया गया है। राम माधव को तमिलनाडु और उत्तराखंड की जिम्मेदारी दी गई है। तीन अन्य नेताओं को भी दो-दो राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। बिहार में हरीश द्विवेदी को प्रभारी बनाया गया है। यूपी में 4 सह-प्रभारी नियुक्त हुए हैं।

### मेघालय में 8 UDP विधायक भाजपा में

**शिलाँग।** मेघालय की यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (UDP) के 8 विधायक बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी हेडक्वार्टर में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। राज्य में पहले भाजपा के 2 विधायक थे। UDP के 8 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के विधायकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इसके साथ ही भाजपा विधानसभा में नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP) के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन करेंगे पंचायत-चुनाव का आगाज: कल दादिया में सभा

### युवाओं से करेंगे संवाद, 5 महीने में दूसरी बार आ रहे जयपुर, 50 हजार कार्यकर्ता पहुंचेंगे

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

राजस्थान में निकाय चुनाव के बाद अब बीजेपी पंचायत चुनाव का आगाज करने जा रही है। बीजेपी के पंचायत चुनाव प्रचार अभियान का आगाज शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन जयपुर के दादिया से करेंगे। नितिन नवीन दादिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती समारोह पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित बीजेपी पार्षदों, पार्षद प्रत्याशियों के साथ पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी सहित करीब 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। नितिन नवीन इस मौके पर पंचायत चुनाव का आगाज करते हुए 90 प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। यह प्रचार रथ हर पंचायत तक पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां को जनता के बीच लेकर जाएंगे। दोपहर बाद नितिन नवीन बिड़ला ऑडिटॉरियम में युवाओं से संवाद भी करेंगे। नितिन नवीन 5 महीने में दूसरी बार राजस्थान आ रहे हैं, वह इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद 27 अप्रैल को टोंक व जयपुर के दौरे पर आए थे।



**पार्टी के प्रमुख नेताओं की ले सकते है बैठक**

नितिन नवीन अपने दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार रात जयपुर पहुंचेंगे। शुक्रवार सुबह साढ़े 7 बजे अल्बर्ट हॉल पर पीएम मोदी के जन्मदिन पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे दादिया में आयोजित होने वाले सम्मेलन में शिरकत करेंगे। वहीं शाम को बिरला ऑडिटोरियम में युवाओं से संवाद करेंगे। अपने दो दिवसीय दौरे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी पदाधिकारियों और प्रदेश के प्रमुख नेताओं के साथ निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भी कर सकते हैं।

## फॉरेस्ट रेंजर की मौत पर SC सख्त, सरकार से मांगा जवाब

▪ **कहा- यह गंभीर मामला, पहले से कदम उठाने की आवश्यकता**

**जयपुर।** प्रतापगढ़ जिले में फॉरेस्ट रेंजर प्रताप सिंह चुंडावत की दो दिन पहले मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वप्रेरित संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है।



जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यह गंभीर और अत्यावश्यक मामला है, इसलिए हम इसे सुनेंगे। अदालत ने 6 अक्टूबर को मामले की सुनवाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस तरह की घटनाओं में प्रिवेंटिव डिटेंशन (पहले से कदम उठाने) की आवश्यकता है।

दरअसल 21 अक्टूबर को प्रतापगढ़ जिले में अवैध खनन रोकने गए क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) की खनन माफिया ने डंपर से कुचल कर हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट को बुधवार को इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता और राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य अवैध बजरी खनन मामले में न्यायमित्र निखिल गोयल ने दी।

**सरकार ने कहा- अवैध बजरी खनन का मामला नहीं:** राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कोर्ट को बताया- इस घटना का चंबल अभयारण्य से कोई संबंध नहीं है। यह अवैध बजरी खनन का मामला भी नहीं है।

## PTI परीक्षा में भाई की डमी-कैंडिडेट बना, गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की ओर से आयोजित शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा (PTI) - 2022 में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने वाले आरोपी को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने सगे बड़े भाई की जगह परीक्षा देकर उसे सरकारी PTI की नौकरी दिलाने में मदद की थी।

एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले डमी कैंडिडेट बीरबल राम पुत्र आसू राम विश्नोई (26) निवासी राजीव नगर, पूर, थाना सांचौर, जिला जालौर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस अभिरक्षा प्राप्त की है। आरोपी के सगे भाई सुरेश विश्नोई को परीक्षा में अपने स्थान पर डमी कैंडिडेट बैठाने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 25 दिसंबर 2022 को शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए सुरेश विश्नोई पुत्र आसू राम, निवासी राजीव नगर, पूर, थाना सांचौर, जिला जालौर ने आवेदन किया था। जांच में सामने आया कि सुरेश विश्नोई ने परीक्षा में खुद बैठने के बजाय अपने सगे छोटे भाई बीरबल राम विश्नोई को डमी अभ्यर्थी बनाकर परीक्षा में बैठाया। बीरबल ने सुरेश की जगह परीक्षा दी और उसे परीक्षा में सफल कराने में मदद की।

## अहमदाबाद में कॉलेज जा रही छात्रा को क्रेन ने कुचला, मौत

▪ **ड्राइवर गिरफ्तार**

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में कॉलेज जा रही 19 साल की छात्रा को क्रेन ने कुचल दिया। उसे करीब 50 फीट तक घसीटते ले गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्रेन के ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हादसा मंगलवार को हुआ था, जिसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। मृतक का नाम प्रेरणा नीनामा है। वह गोटा स्थित सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी में



बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे वह घर से कॉलेज के लिए निकली थी। जब वह कॉलेज से 200 मीटर दूर थी तभी पीछे से आ रही क्रेन ने उसे टक्कर मार दी और छात्रा को घसीटते हुए ऊपर से निकल गई।

## दिल्ली: गैंगरेप के बाद लेडी श्रीराम कॉलेज में क्लासेस बंद

▪ **ऑनलाइन पढ़ाई शुरू**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन (LSR) ने मंगलवार दोपहर से फिजिकल क्लास बंद कर ऑनलाइन क्लास शुरू कर दीं। कॉलेज ने कालकाजी इलाके के आस्था कुंज पार्क में 17 साल की लड़की से गैंगरेप के बाद यह फैसला लिया। मंगलवार को पुलिस ने कॉलेज के पिछले गेट के पास मामले के एक आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस एनकाउंटर गेट से करीब 50 मीटर



दूर हुई। इसके बाद कॉलेज ने पढ़ाई ऑनलाइन कर दी। कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि छात्रों की सुरक्षा और उनका मानसिक-सामाजिक कल्याण उसकी प्राथमिकता है। छात्रों की मदद के लिए फैकल्टी मेंटर्स और काउंसलर्स को उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## यूएन में ईरानी राष्ट्रपति ने दिखाई मृत बच्चों की तस्वीर

▪ **बोले- 200 साल में कोई हमला नहीं किया**

**न्यूयॉर्क।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया। वे अपने साथ ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की तस्वीर लेकर पहुंचे थे। पजशकियान ने कहा कि ईरान ने 200 साल में किसी भी देश पर हमला नहीं किया। उन्होंने कहा, उन्होंने ईरान के मिनाब स्कूल पर हुए अमेरिकी हमले की तस्वीर दिखाते हुए कहा, हमारे




स्कूल पर बम गिराया गया। इन बच्चों को देखिए। ये बच्चे अमेरिका और इजराइल के हथियारों से हुए हमले में मारे गए। इन बच्चों ने कोई अपराध भी नहीं किया था। 28 फरवरी को हुए इस हमले में 120 बच्चों समेत 156 लोगों की मौत हुई थी।

**व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर; ट्रेड, AI और ताइवान पर बातचीत होगी**

# जिनपिंग 11 साल बाद अमेरिका पहुंचे, ट्रम्प रिसीव करने गए

**वॉशिंगटन डीसी।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग गुरुवार को अमेरिका पहुंच चुके हैं। वे 11 साल बाद वहां जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रोटोकॉल तोड़कर खुद जॉइंट बेस एंड्रयूज एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। उनके साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद थीं। किसी विदेशी नेता के स्वागत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का सीधे एयरपोर्ट जाना आम नहीं है। रात को व्हाइट हाउस में शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन के सम्मान में राजकीय भोज रखा गया। इसके बाद ट्रम्प-जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। इसमें व्यापार, टैरिफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), ताइवान और रूस से जुड़े मुद्दे शामिल हो सकते हैं।

### ट्रम्प-जिनपिंग के बीच 4 अहम मुद्दों पर बातचीत

**1. ट्रेड और टैरिफ:** अमेरिका और चीन के बीच सबसे बड़ा मुद्दा ट्रेड और टैरिफ है। पिछले साल ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में चीन ने भी अमेरिका के सामान पर बड़े टैक्स लगाए थे। अब दोनों देश एक-दूसरे के सामान पर लगे टैक्स को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। करीब 30-30 अरब डॉलर के सामान पर टैरिफ घटाने और ऊर्जा व कृषि उत्पादों पर टैक्स कम करने को लेकर बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच टैरिफ कम रखने की मौजूदा सहमति 10 नवंबर को खत्म हो रही है। ऐसे में दोनों देश इस सहमति को आगे बढ़ाने के साथ ही टैरिफ में और कटौती के रास्ते तलाश रहे हैं।



**2. AI पर पहली बार बातचीत:** AI अब अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी मुकाबले का बड़ा मुद्दा बन गया है। दोनों देशों के बीच विवाद इस बात को लेकर है कि AI की सबसे ताकतवर तकनीक और मॉडल किसके पास रहेंगे और उनका इस्तेमाल कितना सुरक्षित होगा। अमेरिका को चिंता है कि उसकी AI तकनीक और मॉडल चीन तक पहुंच सकते हैं। इसलिए अमेरिका ने चीन को AI चिप और दूसरी जरूरी तकनीक देने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हैं। अमेरिका चीन की AI कंपनियों को लेकर भी सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं जताता रहा है। वहीं, चीन इन पाबंदियों का विरोध करता है। उसका कहना है कि अमेरिका तकनीक के इस्तेमाल और व्यापार में रुकावट डाल रहा है। न्यूयॉर्क में हुई बातचीत में दोनों देशों ने AI पर अलग से बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई है। अमेरिका ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि दोनों देश AI से जुड़े ऐसे सुरक्षा मामलों की जानकारी एक-दूसरे को दें, जिनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

**3. ताइवान का मुद्दा:** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान की सुरक्षा में मदद करता है। चीन चाहता है कि अमेरिका ताइवान से दूरी बनाए रखे और उसे सैन्य मदद न दे। ताइवान एशिया के समुद्री रास्तों और सेमीकंडक्टर चिप की सप्लाई के लिहाज से भी बेहद अहम है। यही वजह है कि शी के लिए अमेरिकी समर्थन कम कराना और ट्रम्प के लिए चीन के साथ तनाव बढ़ाए बिना ताइवान को लेकर अपनी नीति बनाए रखना इस बातचीत का अहम हिस्सा हो सकता है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि बैठक में ताइवान को लेकर कोई बड़ा फैसला या समझौता होगा या नहीं।

**4. रूस से तेल खरीद का मुद्दा:** अमेरिका ने ट्रम्प को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का अधिकार दिया है। भारत और चीन भी इसके दायरे में आ सकते हैं। चीन रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदता है। वह रूस के साथ अपने कारोबार में अमेरिका जैसे तीसरे देशों के दखल का लगातार विरोध करता रहा है।

## कोर्ट में गवाही देने के लिए 25 पेड़ लगाने होंगे

**कहा- सार्वजनिक स्थान पर छायादार पेड़ लगाकर फोटो पेश करें**

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने जमीन अधिग्रहण के करीब 12 साल पुराने मामले में याचिकाकर्ता को अपनी गवाही पेश करने का अंतिम अवसर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंढ की अदालत ने याचिकाकर्ता परमिला गुप्ता को यह अंतिम मौका सार्वजनिक स्थान पर 25 पेड़ लगाने की शर्त पर दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि पेड़ लगाने के बाद उनकी तस्वीरें और उनकी देखभाल करने का लिखित आश्वासन निचली अदालत में जमा कराना होगा। इसके अलावा मामले की सुनवाई पूरी होने तक हर छह महीने में उन पेड़ों की स्थिति और उनकी ताजा तस्वीरों को भी अदालत में पेश करना होगा।

इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता पर एक अन्य शर्त भी लगाई है, जिसके तहत याचिकाकर्ता को 15 दिन में 10 हजार रुपए 'राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर' के 'जूनियर एडवोकेट्स वेलफेयर फंड फॉर परचेजिंग ऑफ लॉ बुक्स' में जमा कराने होंगे। इस राशि का उपयोग 5 साल से कम प्रैक्टिस वाले युवा वकीलों के लिए कानून की किताबें उपलब्ध कराने में किया जाएगा। यह पूरा कानूनी विवाद याचिकाकर्ता परमिला गुप्ता की जमीन के अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है।

ब्रीफ न्यूज

## वेंडर्स को हटाने के विरोध में विकास मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जूम न्यूज • सरदारशहर


कच्चा बस स्टैंड क्षेत्र से स्ट्रीट वेंडर्स को हटाने के विरोध में सरदारशहर विकास मंच ने जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम, नगर परिषद सभापति और आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में वेंडर्स के खिलाफ कार्रवाई से पहले स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के प्रावधानों की पालना करने की मांग की गई। मंच ने ज्ञापन में दावा किया कि वर्ष 2022 में कृष्णा बस स्टैंड क्षेत्र में करीब 208 वेंडर्स को टोकन दिए गए थे। वर्तमान में करीब 150 वेंडर्स होने की बात कहते हुए मंच ने उनका सत्यापन कराने की मांग की। साथ ही कच्चे बस स्टैंड क्षेत्र में व्यापारियों के कथित अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में वेंडर्स को शिफ्ट किए जाने वाली भूमि से जुड़े वर्ष 2013 से लंबित न्यायालयीन मामले का भी उल्लेख किया गया। मंच ने बताया कि इस संबंध में 22 सितम्बर को अवमानना संबंधी कार्यवाही प्रस्तुत की गई है। साथ ही उच्च न्यायालय में लंबित मामलों और वेंडर्स की ओर से प्रस्तुत आवेदनों को ध्यान में रखते हुए सभी कानूनी पहलुओं की जांच के बाद कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद राजेंद्र राजपुरोहित के समर्थक एसडीएम कार्यालय के बाहर बैठ गए और वेंडर्स को हटाने की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। मंच ने प्रशासन से मामले के तथ्य नवगठित नगर परिषद बोर्ड के समक्ष रखने और सभी पक्षों से बातचीत कर नियमानुसार समाधान निकालने की मांग की।



## ट्यूबवेल से केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केबल व बाइक बरामद

जूम न्यूज • सरदारशहर

बंधनाऊ दिखणादा ग्राम पंचायत के सरकारी ट्यूबवेल से केबल चोरी के मामले में सरदारशहर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी से चोरी की गई केबल और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उससे अन्य चोरी की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि 19 सितम्बर को बंधनाऊ दिखणादा निवासी भैराराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 13 अगस्त की रात सरकारी ट्यूबवेल से करीब 300 फीट 10 एमएम केबल तथा मोटर की करीब 25 फीट केबल काटकर चोरी कर ली गई थी। मामला दर्ज कर जांच के लिए थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर सरदारशहर सहित भानीपुरा, रतनगढ़, राजलदेसर और श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्रों में तलाश की। पुलिस के अनुसार मामले में रामनिवास सारण (29) निवासी बंधनाऊ दिखणादा, हाल खेत ढाणी रोही पातलीसर बड़ा, सरदारशहर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद चोरी की केबल और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस आरोपी से अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक उपनिरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में हैडकांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद, कांस्टेबल रामप्रताप, नन्दलाल और अनिल कुमार शामिल रहे।



## सरदारशहर में सामान्य वर्ग के लिए प्रधान पद आरक्षित, पूर्व सरदारशहर में सामान्य महिला, भानीपुरा में एससी वर्ग

जूम न्यूज • सरदारशहर

पंचायतीराज चुनाव-2026 को लेकर बुधवार को सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समितियों के प्रधान एवं सदस्य पदों के लिए आरक्षण लॉटरी निकाली गई। इसमें सरदारशहर, पूर्व सरदारशहर और भानीपुरा पंचायत समितियों के प्रधान पदों का आरक्षण तय किया गया। तीनों पंचायत समितियों के कुल 47 सदस्य वार्डों का आरक्षण भी निर्धारित हुआ। लॉटरी के अनुसार सरदारशहर पंचायत समिति का प्रधान पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं पूर्व सरदारशहर पंचायत समिति का प्रधान पद सामान्य महिला वर्ग के लिए निर्धारित हुआ है। भानीपुरा पंचायत समिति का प्रधान पद अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। सरदारशहर पंचायत समिति में कुल 15 सदस्य वार्ड हैं। लॉटरी के बाद इनमें 4 वार्ड सामान्य महिला, 3 अनुसूचित जाति, 2 अनुसूचित जाति महिला, 2 अन्य पिछड़ा वर्ग और 4 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद पंचायत समितियों में प्रधान एवं सदस्य पदों के संभावित दावेदारों की गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

# चूरूः 13 पंचायत समितियों में 6 महिला प्रधान होंगी, जिला परिषद की 19 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

जूम न्यूज • चूरू




पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के लिए बुधवार को जिला परिषद सभागार में आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष स्कूली बच्चों से लॉटरी निकलवाई गई। जिले की 13 पंचायत समितियों के प्रधान पदों में 6 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें एक अनुसूचित जाति महिला, एक अन्य पिछड़ा वर्ग महिला और चार अनारक्षित महिला पद शामिल हैं। जिला परिषद के कुल 39 सदस्य पदों में 19 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हुई हैं। इनमें 10 अनारक्षित महिला, 4 ओबीसी महिला और 5 एससी महिला सीटें शामिल हैं। परिसीमन के बाद जिला परिषद में सदस्यों की संख्या 27 से बढ़कर 39 हो गई है। पंचायत समिति सदस्यों के पदों के लिए भी आरक्षण की लॉटरी निकाली गई।

प्रधान पदों के आरक्षण के अनुसार राजगढ़, सिद्धमुख, सरदारशहर और रतनगढ़ पंचायत समिति के प्रधान पद सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित किए गए हैं। सरदारशहर पूर्व, चूरू उत्तर, सुजानगढ़ और बीदासर के प्रधान पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित हैं। तारानगर पश्चिम (मुख्यालय भालेरी) ओबीसी, चांदगोठी (मुख्यालय राजगढ़) ओबीसी महिला, चूरू और भानीपुरा एससी तथा तारानगर पूर्व एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। परिसीमन के बाद जिले में पंचायत समितियों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है। चूरू पंचायत समिति के 19 सदस्यों की जगह अब चूरू और चूरू उत्तर पंचायत समितियों में कुल 30 सदस्य होंगे। चूरू, तारानगर, सरदारशहर और राजगढ़ में अब दो-दो पंचायत समिति प्रधानों के मुख्यालय होंगे।

जिला परिषद के वार्डों में वार्ड 1, 11, 13, 16 और 35 एससी महिला, 4, 12, 14, 15 और 17 एससी सामान्य, 6, 7, 9 और 28 ओबीसी तथा 22, 24, 25 और 32 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। वार्ड 2, 3, 5, 8, 10, 19, 20, 23, 26 और 36 अनारक्षित महिला तथा शेष वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं।

## चूरू नगर परिषद के नए सभापति और उपसभापति ने संभाला पदभार



### जनहित को प्राथमिकता देने पर दिया जोर

जूम न्यूज • चूरू

चूरू नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति विनय कुमार गोयनका और उपसभापति ओमप्रकाश इंदोरिया ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और विधायक हरलाल सहारण ने दोनों पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करवाया। इससे पहले पंडितों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि नए नेतृत्व पर शहर के विकास को गति देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पार्षदों और शहरवासियों को साथ लेकर जनहित को प्राथमिकता देने की बात कही।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि नए बोर्ड से शहरवासियों को विकास की उम्मीदें हैं। सड़क, सफाई, पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए नगर परिषद और सरकार के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। सभापति विनय कुमार गोयनका ने कहा कि शहर के विकास और नगर परिषद की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम किया जाएगा। वहीं उपसभापति ओमप्रकाश इंदोरिया ने कहा कि सभापति और सभी पार्षदों के साथ मिलकर जनता की समस्याओं के समाधान तथा शहर के विकास के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## बीकानेर में विज्ञान क्लबों के पंजीकरण में तेजी के निर्देश

जूम न्यूज • बीकानेर

जिले के विज्ञान संकाय वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों, विवेकानंद मॉडल विद्यालयों एवं महात्मा गांधी विद्यालयों में विज्ञान क्लबों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर ने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को आगामी तीन दिवस में पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, सृजनात्मकता, नवाचार एवं STEM शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में 5,000 विज्ञान क्लब स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पंजीकृत विज्ञान क्लबों की वार्षिक प्रगति के आधार पर पंचायत, जिला एवं संभाग स्तर पर श्रेष्ठ क्लबों का चयन किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## कच्चे बस स्टैंड क्षेत्र में विवादित जमीन पर रेहड़ी-ठेले शिफ्ट करने पर कोर्ट ने लगाई रोक

जूम न्यूज • सरदारशहर



कच्चे बस स्टैंड क्षेत्र में रेहड़ी-ठेला संचालकों को शिफ्ट करने को लेकर चल रहे विवाद में अपर जिला न्यायालय, सरदारशहर ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अदालत ने खसरा नंबर 566/74 (पुराना खसरा नंबर 58/6) की विवादित भूमि पर किसी भी हाथ ठेला, रेहड़ी, सब्जी विक्रेता अथवा अन्य तृतीय पक्ष को स्थापित या शिफ्ट करने पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। अपर जिला न्यायाधीश, सरदारशहर ने *बृजमोहन व अन्य बनाम मघराज डूडी व अन्य*, विविध दीवानी प्रकरण संख्या 15/2026 में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद यह आदेश दिया।

अदालत ने आदेश में वर्ष 2013 के पूर्व आदेश का भी उल्लेख किया। इसी भूमि से जुड़े विविध दीवानी वाद संख्या 33/2011 में 21 मार्च 2013 को जिला न्यायाधीश, चूरू ने नगरपालिका सरदारशहर को मुकदमे के अंतिम निर्णय तक भूमि की मौके की यथास्थिति बनाए रखने और भौतिक स्थिति में परिवर्तन नहीं करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने प्रथमदृष्टया माना कि उक्त आदेश अभी प्रभावी है। ऐसे में विवादित भूमि पर तृतीय पक्ष रेहड़ी-ठेला संचालकों को स्थापित या शिफ्ट करने से न्यायिक आदेश की अवहेलना और भूमि की भौतिक स्थिति में परिवर्तन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

अदालत ने नगर परिषद सरदारशहर, आयुक्त और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को विवादित भूमि पर किसी भी रेहड़ी, ठेले या अन्य तृतीय पक्ष को स्थापित अथवा शिफ्ट नहीं करने तथा भूमि की वर्तमान भौतिक स्थिति में परिवर्तन से विरत रहने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए पत्रावली 1 अक्टूबर 2026 को पेश होगी।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खारिया स्कूल का दबदबा

जूम न्यूज • चूरू

विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री कुशल सिंह राठौड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खारिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल के दोनों वर्गों में जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र दैया ने बताया कि जिला स्तरीय विद्यालयी खेलकूद फुटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि खारिया की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि 14 वर्ष छात्र वर्ग में टीम उपविजेता रही।

टीम की सफलता पर प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र दैया एवं ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने टीम प्रभारी, प्रशिक्षक और विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास तथा शिक्षकों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



# चिड़ावा जिला कुश्ती प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने जीता गोल्डः 75 किलो भार वर्ग में रहे प्रथम

### अब उदयपुर में राज्य स्तर पर झुंझुनू का करेंगे प्रतिनिधित्व

जूम न्यूज • चिड़ावा

चिड़ावा 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र कुश्ती प्रतियोगिता में सिद्धार्थ चौधरी ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया।

इस जीत के साथ सिद्धार्थ का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मिकाडो इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शोभागपुरा उदयपुर में होगा। यहां सिद्धार्थ 75 किलोग्राम भार वर्ग में झुंझुनू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिद्धार्थ की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत और नियमित अभ्यास का परिणाम बताया जा रहा है। उन्होंने पिछले साल भी 14 वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव इस बार जिला प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन में भी काम आया।



### हनुमान व्यायामशाला में सीखी कुश्ती

सिद्धार्थ ने चिड़ावा की गुरु हनुमान व्यायामशाला में कुश्ती का प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने अपने दादा राजेंद्रपाल सिंह कोच और पिता जोगेंद्र सिंह की देखरेख में नियमित अभ्यास किया। जिला स्तर पर गोल्ड जीतने के बाद व्यायामशाला में खुशी का माहौल रहा। कोच, विद्यालय परिवार और परिजनों ने सिद्धार्थ को मिठाई खिलाकर बधाई दी। व्यायामशाला के सचिव राजेंद्र पाल सिंह कोच, द्रोणाचार्य अवॉर्डी महासिंह राव, एडवोकेट धर्मपाल सिंह, एडवोकेट विजय पाल सिंह, अजय पाल सिंह कमांडो, जोगेंद्र सिंह कोच, राजवीर सिंह सांगवान (शा.शि.), प्रदीप कड़वासरा (शा. शि.), संजय कुमार शास्त्री और हेमंत राठौड़ ने बधाई दी।

## नकारा सामान की नीलामी से हुई आय का देना होगा हिसाब, हर माह रिपोर्ट मांगी

जूम न्यूज • बीकानेर

शिक्षा विभाग ने सरकारी कार्यालयों में अनुपयोगी एवं नकारा घोषित स्टोर्स की नीलामी से प्राप्त आय का नियमित हिसाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायतीराज के मुख्य लेखाधिकारी ने समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारियों, डाइट प्रधानाचार्यों तथा शिक्षा विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक अनुपयोगी/नकारा सामान की नीलामी से प्राप्त आय की माहवार संकलित सूचना सात दिवस के भीतर निर्धारित ई-मेल पर भेजनी होगी। इसके बाद प्रत्येक माह की सूचना आगामी 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी माह नकारा सामान के निस्तारण से कोई आय प्राप्त नहीं हुई है तो भी संबंधित कार्यालय को शून्य रिपोर्ट भेजनी होगी।

## कठूमर से सैन समाज की 5वीं पदयात्रा रवानाः डीजे पर नाचते हुए निकले भक्त



### ▪ नारायणी माता धाम पर होगा भंडारा

जूम न्यूज • कठूमर

कठूमर मुख्यालय से सैन समाज की पांचवीं पदयात्रा आज रवाना हुई। सैन समाज के पुरुषोत्तम सैन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

यह पदयात्रा सैन समाज की कुलदेवी नारायणी माता के धाम तक जाएगी। धाम पहुंचने पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नारायणी माता राजस्थान की एक लोक देवी हैं, जिन्हें विशेष रूप से नाई (सैन) समाज की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। उनका मुख्य और ऐतिहासिक मंदिर राजस्थान के अलवर जिले की राजगढ़ तहसील में बरवा की डूंगरी पहाड़ी की तलहटी में स्थित है। यह मंदिर सरिस्का बाघ अभयारण्य के जंगलों के बीच है।

# जोधपुर: 23 प्रधान पदों की निकली लॉटरी, 43 जिला परिषद सदस्यों की सीटें रिजर्व

जूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर जिले में पंचायतीराज चुनाव-2026 के लिए आरक्षण की लॉटरी आज निकाली जा रही है। जिले की 23 पंचायत समितियों के प्रधान पद और 43 जिला परिषद वार्डों की लॉटरी निकाली जा चुकी है। इससे पहले 13 अगस्त को जिला प्रमुख पद के लिए जयपुर में लॉटरी निकाली जा चुकी है। ये पद अनारक्षित ओपन के लिए रिजर्व हुआ है। जिला परिषद के अनुसूचित जाति के लिए वार्ड 26, 37, 30, 29, 36, 24, 27, 28 रिजर्व किए गए हैं। वहीं एसटी के लिए वार्ड 5 और 7 वार्ड रिजर्व किए गए हैं। जबकि ओबीसी के लिए वार्ड नंबर 22, 14, 38, 3, 20, 17, 10, 1, 16 आरक्षित किए हैं। जिले की 23 पंचायत समितियों के प्रधान पदों का रिजर्वेशन भी तय हो गया है। जिले में पंचायत समिति प्रधान के लिए एससी ओपन की 2, एससी महिला की 2, एसटी ओपन की 1 सीट निर्धारित की गई है। वहीं ओबीसी ओपन की 2, ओबीसी महिला की 2 सीटें तय की गई हैं जबकि 7 सीटें अनारक्षित महिला के लिए रिजर्व की गई हैं। 7 सीट ही अनारक्षित ओपन रहेंगी। मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में 43 जिला परिषद सदस्य और प्रधान की लॉटरी निकाली जा चुकी है। जिले की 23 पंचायत समिति सदस्यों के लिए लॉटरी की प्रक्रिया हुई।

### जिला परिषद सदस्य के लिए आरक्षित वार्ड

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 24, 26,30,37 |
| एससी महिला | 27,28,29, 36 |
| एसटी ओपन | 7 |
| एसटी महिला | 5 |
| ओबीसी ओपन | 1,10,14,17,20 |
| ओबीसी महिला | 3,16,22,38 |
| अनारक्षित ओपन | 6, 9, 11, 12,13,15,18, 23,31,39,40,43 |
| अनारक्षित महिला | 2,4,8,19,21, 25, 32, 33,34,35, 41,42 |

### 23 पंचायत समिति में किस वर्ग का होगा प्रधान

आगोलाई में ओबीसी महिला, आसोप में एससी महिला, उम्मेद नगर में अनारक्षित महिला, ओसियां में अनारक्षित महिला, केरू अनारक्षित महिला, चाबा अनारक्षित ओपन रहेगा। वहीं चामू में ओबीसी ओपन, झंवर में अनारक्षित ओपन, तिंवरी में ओबीसी ओपन, पिपाड़ सिटी में अनारक्षित महिला, बालेसर में एसटी ओपन, धवा में अनारक्षित महिला, बावड़ी में अनारक्षित ओपन, बिलाड़ा में अनारक्षित ओपन, भोपालगढ़ में अनारक्षित ओपन, मंडोर में एससी ओपन, लूणी में अनारक्षित महिला, शेरगढ़ में अनारक्षित ओपन, सामराऊ में अनारक्षित ओपन, सालवा खुर्द में एसएसी ओपन, सेखला में अनारक्षित महिला, हतुंडी में ओबीसी महिला और कापरड़ा में एससी महिला के आरक्षित रहेगा।

## जालोर में ओबीसी ओपन का होगा जिला प्रमुख: जिला परिषद, प्रधान और पंचायत समिति सदस्य पदों के आरक्षण हुआ तय

**जालोर**। पंचायती राज चुनाव में आज जिला परिषद, प्रधान और पंचायत समिति सदस्य पदों की आरक्षित लॉटरी निकाली गई। कलेक्ट्रेट में लॉटरी में सबसे पहले 43 जिला परिषद सदस्यों की लॉटरी निकाली गई। वहीं जिले की 14 पंचायत समितियों में प्रधान पद के लिए भी आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है।

जिला परिषद के 43 वार्डों में एससी ओपन के 4, एससी महिला के 4, एसटी ओपन के 2, एसटी महिला के 2, ओबीसी ओपन के 5 और ओबीसी महिला के 4 वार्ड आरक्षित हैं। इसके अलावा 11 वार्ड अनारक्षित ओपन और 11 अनारक्षित महिला वर्ग के लिए रखे गए हैं। प्रधान पद के आरक्षण में जालोर, रानीवाड़ा, चितलवाना और भादरूणा में सामान्य महिला, जबकि आहोर, सायला, भीनमाल और सांचौर में सामान्य ओपन



वर्ग रहेगा। बागोड़ा में ओबीसी महिला, सरनाऊ में एसटी ओपन, जसवंतपुरा में ओबीसी ओपन, उम्मेदाबाद में एससी ओपन और भाद्राजून में एससी महिला के लिए प्रधान पद आरक्षित किया गया है। सरवाना में एससी ओपन आरक्षण है।

जिले में कुल 14 पंचायत समिति हैं। इनमें से ओबीसी, एससी, एसटी के लिए आरक्षित किए गए हैं। पंचायत समिति के 262 सदस्यों की आरक्षित लॉटरी श्रेणीवार निकाली गई। सरपंच और वार्ड पंच के लिए लॉटरी एक दिन बाद 24 सितंबर को संबंधित एसडीएम कार्यालयों में निकाली जाएगी।

### पाली: 9 पंचायत समितियों में 4 महिला प्रधान के आरक्षित

**पाली**। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समितियों एवं जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण की लॉटरी बुधवार को जिला परिषद सभागार में निकाली गई। प्रधान के 4 पद महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। बता दें कि पाली जिले में 9 पंचायत समितियां, 303 ग्राम पंचायतें हैa। जिले भर के 10 लाख 93 हजार 16 वोटर चुनाव में अपने वोट का उपयोग कर इस बार ग्रामीण सरकार चुनने में भागीदारी निभाएंगे। पंचायत चुनाव में 01 जिला प्रमुख, 09 पंचायत समितियों के प्रधान, 33 जिला परिषद सदस्य, 303 सरपंच चुने जाएंगे।

**ब्रीफ न्यूज**

### किराया मांगा तो मकान मालिक को 4 गोली मारी:बोला- खेल खत्म कर दूंगा



जूम न्यूज • पाली

सोजत रोड इलाके में किराया मांगने पर किरायेदार ने मकान मालिक पर एक के बाद एक चार गोलियां चला दीं। आरोपी ने दो साल से किराया नहीं दिया था। मंगलवार सुबह मकान मालिक ने किराया मांगा तो किरायेदार रिवॉल्वर लेकर आया और बोला- तेरा खेल खत्म कर दूंगा। उसने फायरिंग शुरू कर दी। उससे बचने के लिए मकान मालिक रेंगता हुआ एक दुकान में घुस गया। किरायेदार भी उसके पीछे गया। इस दौरान उसने मकान मालिक पर कुल चार फायर किए। तीन गोली पेट और एक कमर में लगी है। इस पूरी घटना का बुधवार को CCTV फुटेज सामने आया। सोजत रोड थाना प्रभारी कमला लोहार ने बताया- मकान मालिक पूरण मारू (40) पर उसके किरायेदार अमित ने फायरिंग की है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश जारी है। घायल पूरण का जोधपुर एम्स में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी कमला लोहार ने बताया- पूरण के भतीजे हरीश ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरण मारू का सोजत रोड के सुभाष मार्ग पर मकान है। यहां एक कमरे में अमित 2 साल से किरायेदार है। उसने 2 साल से किराया नहीं दिया था। मंगलवार को पूरण उससे किराए को लेकर बात करने गए तो अमित भड़क गया। गालियां दीं और कहा- तू नया-नया पैसे वाला बना है। आज तेरा खेल ही खत्म कर दूंगा। इसके बाद अमित रिवॉल्वर लेकर आया और फायरिंग शुरू कर दी।

### कोटा सेंट्रल जेल के कैदी की मौत: सीने में दर्द होने पर हॉस्पिटल लेकर गए थे

जूम न्यूज • कोटा

कोटा सेंट्रल जेल में बंद 30 साल के कैदी की मौत हो गई। कैदी को तबीयत बिगड़ने पर एमबीएस हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कैदी बूंदी जिले का रहने वाला था। जुलाई 2024 से पॉक्सो एक्ट के मामले में कोटा सेंट्रल जेल में बंद था। कोटा सेंट्रल जेल के सुपरीटेंडेंट भैरू सिंह राठौड़ ने बताया कि कैदी सीने की बीमारी से ग्रसित था, जिसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। 3 सितंबर को भी



दिखाने गया था। आज सुबह करीब 4 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और बेचैनी होने लगी। जेल प्रशासन ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से कैदी को एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गया लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल प्रशासन ने कैदी के परिजनों को सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

## जालोर: गणपति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

### लेटा गांव की घटना: पानी में पड़ा नारियल लेने के लिए उतरा था, आधे घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला

जूम न्यूज • जालोर

जालोर के लेटा गांव में मंगलवार को गणपति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर पानी में पड़ा नारियल लेने के लिए तालाब में उतरा था। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। डिफेंस की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है, जहां बुधवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, लेटा गांव निवासी प्रवीण (17) पुत्र कुयाराम चौधरी मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे गणपति विसर्जन के दौरान तालाब में उतरा था। बताया जा रहा है कि वह पानी में पड़ा नारियल लेने गया था। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी देर तक प्रवीण की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम को सूचना दी गई। सिविल डिफेंस टीम में मदन लाल, हरसन कुमार, मुकेश कुमार, राजू सोयल खां और भगवानाराम मौके पर पहुंचे। मदन, मुकेश और राजू ने पानी में उतरकर तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उन्होंने प्रवीण के शव को पानी से बाहर निकाला। किशोर के डूबने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण तालाब के पास एकत्रित हो गए। शव को जालोर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पिंडवाड़ा में पुरानी रंजिश में फायरिंग, एक की मौत, दूसरा हुआ गंभीर घायल



### एसपी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने किया मौका मुआयना

जूम न्यूज • सिरोही

पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के कांटल गांव में पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग का मामला सामने आया है। बोरली वाला वीर बावसी मंदिर के पास हुई इस घटना में ठंडी बेरी निवासी भगाराम गरासिया के सिर में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद कालूराम भी गोली लगने से गंभीर घायल हो गए। घायल को सिरोही ट्रॉमा सेंटर से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, भगाराम गरासिया और कालूराम बोरली वाला वीर बावसी मंदिर के पास मौजूद थे। इसी दौरान फायरिंग की घटना हुई। भगाराम के सिर में गोली लगी और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, गोली लगने से कालूराम भी घायल होकर वहीं गिर पड़े। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से घायल कालूराम को सिरोही जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें उदयपुर रेफर कर दिया।

फायरिंग की सूचना मिलते ही पिंडवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को भी घटना की सूचना दी। सूचना के बाद सिरोही एसपी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ पिंडवाड़ा पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी डॉ. राठौड़ ने मामले में फॉरेंसिक जांच के निर्देश दिए। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, ताकि घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विवाद किस बात को लेकर हुआ और फायरिंग की वजह क्या रही।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना

एसपी के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। टीमें आरोपियों की तलाश में रवाना कर दी गई हैं। पुलिस घटना के कारणों और फायरिंग में शामिल लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### भूरेरियाराय मंदिर में वार्षिक मेला 25 को

**जैसलमेर**। कुलदेवी भूरेरियाराय मंदिर मूलसागर में आगामी 25 सितंबर को वार्षिक भादवा मेले का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक उत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को लेकर जगाणी परिवार के सदस्यों ने समाजबंधुओं को मेले में सपरिवार आमंत्रित किया है। विपिन कुमार जगाणी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी कुलदेवी के दरबार में वार्षिक भादवा मेले का आयोजन होगा।

## बांसवाड़ा सभापति और उप सभापति ने संभाला पदभार

**बांसवाड़ा**। बांसवाड़ा में निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद बुधवार को नगर परिषद में नवनिर्वाचित बोर्ड का औपचारिक आगाज हो गया। नवनिर्वाचित सभापति मुकेश रावत और उपसभापति चंकी शाह ने आज विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इसको लेकर नगर परिषद कार्यालय में दिनभर राजनीतिक हलचल और उत्साह का माहौल बना रहा। सभापति मुकेश रावत नगर परिषद कार्यालय समयानुसार पहुंचे। कार्यालय में प्रवेश करने से ठीक पहले उन्होंने मुख्य दहलीज पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया और फिर अपने कक्ष में पहुंचे। इसके बाद उन्होंने विधिवत रूप से सभापति की कुर्सी संभालते हुए कार्यभार ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर, उपसभापति चंकी शाह ने भी जिम्मेदारी संभाल ली।

## खेत से 8.290 किलो डोडा-पोस्त जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जूम न्यूज • बाड़मेर

जिले की ग्रामीण थाना पुलिस ने मादक-पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 8 किलो 290 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किए है। आरोपी खेत में डोडा-पोस्त छुपाकर रखे थे। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक-पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

एसपी चूनाराम जाट ने बताया- पुलिस मुख्यालय और जोधपुर रेंज आईजी के आदेशानुसार बाड़मेर को नशा मुक्त करने के लिए स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एएसपी नितेश आर्य डीएसपी बुद्धाराम के सुपरविजन में पुलिस थाना ग्रामीण थानाधिकारी जसवंतसिह के नेतृत्व में टीम बनाई गई।





टीम को सूचना मिली है कि नांद के चोखोणियों की ढाणी में डोडा-पोस्त छुपा कर रखे हुए है। इस पर पुलिस ने सूचना को पुख्ता करते हुए चौखोणियों की ढाणी नांद गांव में बाबुलाल पुत्र प्रवींद्र कुमार के घर पर दबिश दी। तलाशी लेने पर उसके घर के पास खेत में छुपाकर रखे 8 किलो 290 ग्राम डोडा-पोस्त मिलें। इस पर पुलिस ने आरोपी बाबूलाल को डिटेन किया। थाने में इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई एएसआई रामाराम, कांस्टेबल उगमसिंह, रतनलाल, ओमप्रकाश शामिल रहें।

## टूरिस्ट्स के 1 फीट दूर से निकला टाइगर, सांसें थमी: ग्वालियर के पर्यटकों को 40 मीटर के दायरे में दिखे एसटी-19 के दो शावक

**अलवर**। अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट के बफर जोन (ढूंढ क्षेत्र) में रविवार शाम की सफारी पर निकले ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के पर्यटकों के लिए यह दिन यादगार भी रहा और रोंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव भी बन गया। घने जंगल में सांभर की कॉल (अलार्म कॉल) सुनकर गाइड और पर्यटकों ने लोकेशन ट्रैक की, तो झाड़ियों के बीच 40 मीटर के दायरे में बाघिन एसटी-19 के दो नर (मेल) शावक नजर आए। उस समय एक बार टूरिस्ट की सांसें थम सी गई जब टाइगर पर्यटकों की जिप्सी से महज कुछ ही फीट की दूरी से होकर गुजरा। टाइगर को इतने करीब से देखने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

दोपहर की सफारी के दौरान जंगल में धुंधली रोशनी और घनी





झाड़ियों के बीच सांभर की लगातार आ रही कॉल्स ने बाघ की मौजूदगी का इशारा दिया। गाइड की सटीक ट्रैकिंग से पहला बाघ झाड़ियों के पास दिखा। पर्यटक कैमरे सेट कर ही रहे थे कि उससे करीब 40 मीटर दूर दूसरा नर बाघ भी नजर आ गया। वन विभाग के अनुसार, नजर आए दोनों टाइगर एसटी-19 के शावक हैं, जिनकी उम्र करीब डेढ़ साल से अधिक है।

**'गुर्राहट' का जवाब गुर्राहट से: जब 1 फीट दूर आ गया बाघ:** साइटिंग के दौरान जिप्सी के रुकते ही एक बाघ अचानक झाड़ियों से निकलकर गाड़ी के एकदम सामने आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टाइगर जिप्सी से महज 1 फीट की दूरी से गुजरा। बिना कोई आक्रामकता दिखाए वह गाड़ी को पार कर 3 से 4 फीट दूर झाड़ियों में जाकर विश्राम करने लगा। आवाजों का रोमांच: सफारी के दौरान टाइगर ने हल्की गुर्राहट जैसी आवाज निकाली। उबासी लेता भी दिखा। वन्यजीव विशेषज्ञ पर्यटकों का हमेशा टाइगर से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है।

## गांडीव डिवीजन के 50 साल पूरे होने पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी, 27 सितंबर को होगी मैराथन

**कोटा**। कोटा भारतीय सेना के गांडीव डिवीजन के 50 साल पूरे होने पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नयापुरा स्थित उम्मेद क्लब में सेना के एडवांस टेक्नोलॉजी वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर, आधुनिक गन, मशीन गन, पिस्टल, टेंक माइंस सहित अलग-अलग देशों की तकनीक से जुड़े हथियार और सैन्य उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। इन्हें देखने के लिए शहर के लोग उम्मेद क्लब पहुंच रहे हैं। उम्मेद क्लब के सचिव लोकेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि गांडीव डिवीजन के 50 पूरे होने पर भारतीय सेना की ओर से कोटा शहर की जनता के साथ इस उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदर्शनी में बॉर्डर पर तैनाती और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में इस्तेमाल की जाने वाली आधुनिक



सैन्य तकनीक से जुड़े हथियारों को प्रदर्शित किया गया है।

उन्होंने कहा कि आमजन को पहली बार इस तरह सेना के हाई-टेक हथियारों को करीब से देखने और उनके बारे में जानने का अवसर मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में शहरवासी काफी रुची ले रहे हैं। गांडीव डिवीजन की 50वीं वर्षगांठ के आयोजनों के तहत 27 सितंबर को पहली बार गांडीव मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन सेना क्षेत्र में आयोजित होगी, जिसमें हाड़ौती सहित आसपास के क्षेत्रों के धावक हिस्सा लेंगे। मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ रखी गई है। इंटरनेशनल धावक शक्ति सिंह हाड़ा ने बताया कि मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके हैं।

# जयपुर में 11 महिलाएं प्रधान बनेंगी

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में बुधवार को पंस प्रधानों, सदस्यों और जिला परिषद सदस्य पद के लिए आरक्षण निर्धारित करने के लिए लॉटरी निकाली गई। सबसे पहले प्रधानों की आरक्षण लॉटरी निकाली गई। 11 पद अनारक्षित महिला, SC महिला, ST महिला और ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हुए हैं। 4-4 पद SC और OBC के लिए आरक्षित हुए हैं। एसटी को तीन सीटें मिली हैं। जिले में 597 ग्राम पंचायतें है, जबकि 22 पंचायत समितियां हैं।

**पंचायत समिति प्रधान की आरक्षण लॉटरीः** ▪ तूंगा, आंधी में एससी ओपन ▪ रामपुरा डाबरी, कोटखावदा एससी महिला ▪ चौमूं, किशनगढ़-रेनवाल एसटी ओपन ▪ अमरसर एसटी महिला, ▪ माधोराजपुरा, सांगानेर ओबीसी ओपन ▪ जोबनेर, मौजमाबाद ओबीसी महिला, ▪ शाहपुरा, बस्सी, जमवा-रामगढ़ व फागी अनारक्षित ओपन और गोविंदगढ़, दूदू, जालसू, चाकसू, आमेर, व झोटवाड़ा सीट अनारक्षित महिला के लिए रिजर्व रहेगी।

### आमेर पंचायत समिति

| आरक्षित वर्ग | आरक्षित वार्ड नंबर |
|---|---|
| एससी ओपन | 6, 15 |
| एससी महिला | 4 |
| एसटी ओपन | 18, 14, 10 |
| एसटी महिला | 11, 12 |
| ओबीसी ओपन | 16 |
| ओबीसी महिला | 21 |
| अनारक्षित ओपन | 1, 2, 3, 8, 19 |
| अनारक्षित महिला | 7, 5, 13, 17, 20, 9 |

### जालसू पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 14 |
| एससी महिला | 2 |
| एसटी ओपन | 3 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 11, 8 |
| ओबीसी महिला | 9 |
| अनारक्षित ओपन | 4, 5, 10, 13 |
| अनारक्षित महिला | 7, 12, 6, 15, 1 |

### रामपुरा डबरी पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 6, 2 |
| एससी महिला | 5 |
| एसटी ओपन | 9 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 12, 8 |
| ओबीसी महिला | 10 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 7, 15 |
| अनारक्षित महिला | 14, 11, 13, 4, 1 |

### चाकसू पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 10, 12 |
| एससी महिला | 17 |
| एसटी ओपन | 14, 15 |
| एसटी महिला | 16 |
| ओबीसी ओपन | 4 |
| ओबीसी महिला | 1 |
| अनारक्षित ओपन | 5, 7, 11, 13 |
| अनारक्षित महिला | 6, 9, 3, 2, 8 |

### कोटखावदा पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 12, 14 |
| एससी महिला | 3 |
| एसटी ओपन | 6, 7 |
| एसटी महिला | 2 |
| ओबीसी ओपन | 10 |
| ओबीसी महिला | - |
| अनारक्षित ओपन | 9, 11, 15 |
| अनारक्षित महिला | 13, 4, 8, 5, 1 |

### माधोराजपुरा पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 3, 15 |
| एससी महिला | 13 |
| एसटी ओपन | 10 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 8, 4 |
| ओबीसी महिला | 5 |
| अनारक्षित ओपन | 7, 9, 12 |
| अनारक्षित महिला | 14, 2, 6, 11, 1 |

### चौमूं पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 24, 6 |
| एससी महिला | 18 |
| एसटी ओपन | 16 |
| एसटी महिला | 2 |
| ओबीसी ओपन | 5, 10, 13 |
| ओबीसी महिला | 12, 9 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 4, 7, 17, 19, 20, 22 |
| अनारक्षित महिला | 15, 1, 23, 14, 11, 21, 25, 8 |

### गोविंदगढ़ पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 18, 5 |
| एससी महिला | 19 |
| एसटी ओपन | 6 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 8, 7 |
| ओबीसी महिला | 13 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 10, 11, 14, 16 |
| अनारक्षित महिला | 4, 1, 15, 17, 9, 2, 12 |

### जमवारामगढ़ पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 8, 19 |
| एससी महिला | 22 |
| एसटी ओपन | 12, 9, 18, 20 |
| एसटी महिला | 16, 5, 21 |
| ओबीसी ओपन | 2 |
| ओबीसी महिला | - |
| अनारक्षित ओपन | 4, 10, 11, 14, 23 |
| अनारक्षित महिला | 3, 7, 13, 17, 1, 6, 15 |

### आंधी पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 2, 14 |
| एससी महिला | 1 |
| एसटी ओपन | 19, 17, 11 |
| एसटी महिला | 3, 12 |
| ओबीसी ओपन | 7 |
| ओबीसी महिला | - |
| अनारक्षित ओपन | 4, 5, 8, 15 |
| अनारक्षित महिला | 18, 10, 13, 9, 6, 16 |

### झोटवाड़ा पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 15 |
| एससी महिला | 9 |
| एसटी ओपन | 14 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 8, 1 |
| ओबीसी महिला | 2 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 4, 7, 13 |
| अनारक्षित महिला | 5, 10, 12, 6, 11 |

### जोबनेर पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 8, 10 |
| एससी महिला | 16 |
| एसटी ओपन | 19 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 15, 12 |
| ओबीसी महिला | 9 |
| अनारक्षित ओपन | 7, 13, 14, 17, 18 |
| अनारक्षित महिला | 6, 5, 2, 4,1 11, 3 |

### दूदू पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 11, 9 |
| एससी महिला | 13 |
| एसटी ओपन | - |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 10, 3 |
| ओबीसी महिला | 6 |
| अनारक्षित ओपन | 4, 5, 8, 12 |
| अनारक्षित महिला | 1, 15, 14, 7, 2 |

### मौजमाबाद पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 13, 14 |
| एससी महिला | 1 |
| एसटी ओपन | 8 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 6, 11 |
| ओबीसी महिला | 7 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 10, 16, 17 |
| अनारक्षित महिला | 4, 12, 5, 2, 15, 9 |

### फागी पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 13, 15 |
| एससी महिला | 2 |
| एसटी ओपन | 8 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 11, 9 |
| ओबीसी महिला | 10 |
| अनारक्षित ओपन | 1, 3, 5 |
| अनारक्षित महिला | 12, 4, 6, 7, 14 |

### सांभरलेक पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 12, 6 |
| एससी महिला | 2 |
| एसटी ओपन | - |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 13, 1 |
| ओबीसी महिला | 14 |
| अनारक्षित ओपन | 5, 7, 9, 10, 11 |
| अनारक्षित महिला | 8, 16, 15, 3, 4, 17 |

### किशनगढ़-रेनवाल पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 18, 14 |
| एससी महिला | 17 |
| एसटी ओपन | 16 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 10, 5 |
| ओबीसी महिला | 4 |
| अनारक्षित ओपन | 3, 8, 9, 11, 13 |
| अनारक्षित महिला | 7, 19, 12, 1, 2, 6, 15 |

### सांगानेर पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 11, 6 |
| एससी महिला | 12 |
| एसटी ओपन | 10 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 15, 2 |
| ओबीसी महिला | 4 |
| अनारक्षित ओपन | 1, 3, 8 |
| अनारक्षित महिला | 14, 5, 13, 7, 9 |

### बस्सी पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 11, 10, 5 |
| एससी महिला | 18, 14 |
| एसटी ओपन | 9, 15, 3 |
| एसटी महिला | 22, 17, 24 |
| ओबीसी ओपन | 25 |
| ओबीसी महिला | - |
| अनारक्षित ओपन | 1, 4, 6, 13, 16, 21 |
| अनारक्षित महिला | 20, 12, 2, 23, 8, 19, 7 |

### तूंगा पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 2, 14 |
| एससी महिला | 9 |
| एसटी ओपन | 1, 7 |
| एसटी महिला | 3 |
| ओबीसी ओपन | 4 |
| ओबीसी महिला | - |
| अनारक्षित ओपन | 6, 12, 13 |
| अनारक्षित महिला | 11, 10, 8, 15, 5 |

### शाहपुरा पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 1 |
| एससी महिला | 2 |
| एसटी ओपन | 6 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 15, 10 |
| ओबीसी महिला | 13 |
| अनारक्षित ओपन | 8, 11, 12, 14 |
| अनारक्षित महिला | 7, 4, 5, 3, 9 |

### अमरसर पंचायत समिति

| | |
|---|---|
| एससी ओपन | 9 |
| एससी महिला | 5 |
| एसटी ओपन | 4 |
| एसटी महिला | - |
| ओबीसी ओपन | 11, 12 |
| ओबीसी महिला | 2 |
| अनारक्षित ओपन | 1, 3, 6, 14 |
| अनारक्षित महिला | 8, 15, 10, 13, 7 |





### जिला परिषद सदस्यों की लॉटरी लिस्ट

**वार्ड नंबरः** ▪ 34, 40, 29, 24, 13 एससी ओपन ▪ 23, 27, 32, 36, 42 एससी महिला ▪ 38, 37, 50, 49 एसटी ओपन ▪ 41, 44, 46, 47 एसटी महिला ▪ 22, 21, 57, 51, 45, 56 बीसी ओपन ▪ 43, 8, 1, 10 ओबीसी महिला ▪ 3, 4, 7, 12, 14, 16, 18, 28, 30, 33, 35, 48, 52, 54, 55 अनारक्षित ओपन और वार्ड नंबर 26, 9, 31, 25, 11, 2, 19, 53, 5, 15, 39, 6, 20 व 17 अनारक्षित महिला के रिजर्व रहेंगे।

### कल निकलेगी सरपंच और वार्ड पंच की लॉटरी

24 सितंबर को उपखंड स्तर पर ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच और सरपंच के पदों के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। जयपुर जिले में 597 ग्राम पंचायत है, जिनमें कुल 5931 वार्ड है।

### गोविंदगढ़ प्रधान पद अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित

**गोविंदगढ़ (जयपुर)।** गोविंदगढ़ पंचायत समिति के प्रधान पद का आरक्षण मंगलवार को जिला मुख्यालय पर निकाली गई लॉटरी के जरिए तय किया गया। इस बार प्रधान पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। पिछले साल गोविंदगढ़ पंचायत समिति का प्रधान पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित था।


**पंचायत समिति सदस्यों के वार्डों की भी निकली लॉटरीः** पंचायत समिति सदस्यों के वार्डों के आरक्षण की लॉटरी भी मंगलवार को निकाली गई। इसके बाद वार्डों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो गई है। अब ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और वार्ड पंच पदों के आरक्षण की लॉटरी बुधवार को एसडीएम कार्यालय में निकाली जाएगी। प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### पहली बार एक साथ होंगे पंचायती राज चुनाव

प्रदेश में पहली बार पंचायती राज चुनाव एक साथ करवाए जा रहे हैं। चुनाव से पहले आरक्षण तय करने के लिए लॉटरी की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत कराई जा रही है। पहले यह लॉटरी 17 और 18 अगस्त को प्रस्तावित थी, लेकिन इसे दो बार स्थगित किया गया था। लॉटरी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जल्द ही पंचायती राज चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है।

### पंचायतीराज संस्थाओं में रोटेशन से आरक्षण

पंचायतीराज संस्थाओं में आरक्षण रोटेशन से तय होता है। हर बार नए सिरे से आरक्षण की लॉटरी निकाली जाती है। पिछली बार जो वार्ड जिस वर्ग के लिए आरक्षित था, इस बार वो बदल जाएगा। पिछली बार वाला आरक्षण नहीं रहेगा। पिछली बार जो पंचायत समिति या वार्ड आरक्षित था। हो सकता है कि इस बार वह ओपन कैटेगरी में हो जाए।



**RCA चुनाव को लेकर नामांकन शुरूः पहली बार महिला ने किया आवेदन**

# अध्यक्ष पद की दौड़ में नेताओं के बेटे, राठौड़ और खींवसर में कांटे की टक्कर



धनंजय सिंह पराक्रम सिंह

**अध्यक्ष के बाद सचिव पद पर सबसे ज्यादा हलचल**

RCA के छह पदों में अध्यक्ष के बाद सचिव पद को सबसे ताकतवर पदों में माना जा रहा है। यही वजह है कि इस पद को लेकर भी कई दावेदार सक्रिय हो गए हैं। सचिव पद के लिए राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी, भाजपा नेता पिंकेश जैन और बृज किशोर उपाध्याय के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। इनके अलावा सोमेंद्र तिवारी और रतन सिंह भी सचिव पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। चुनावी समीकरणों में सबसे दिलचस्प बात यह है कि अध्यक्ष पद के समीकरण बदलने पर सचिव पद की पूरी तस्वीर भी बदल सकती है। यानी जो दावेदार अध्यक्ष की दौड़ से बाहर होगा, उसे दूसरे ताकतवर पद पर एडजस्ट करने का फॉर्मूला भी सामने आ सकता है।

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले ही दिन RCA के इतिहास में पहली बार किसी महिला ने पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। दौसा जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष शोभना गुर्जर ने RCA में एग्जीक्यूटिव मेंबर (कार्यकारी सदस्य) पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही RCA चुनाव में महिला भागीदारी की शुरुआत हो गई है। बता दें कि RCA चुनाव को लेकर आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो 26 सितंबर तक चलेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में अलग - अलग पदों के लिए दूसरे दावेदार भी नामांकन दाखिल करेंगे। अध्यक्ष पद को लेकर सबसे ज्यादा घमासान है। इस पद के लिए भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं के बेटों के नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। इनमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह प्रमुख दावेदार बताए जा रहे हैं। दोनों खेमे अध्यक्ष पद हासिल करने के लिए लगातार जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों से संपर्क साध रहे हैं। अध्यक्ष पद की दौड़ यहीं खत्म नहीं होती। एडहॉक कमेटी के पूर्व कन्वीनर और भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव भी इस रेस में हैं। वहीं पूर्व कन्वीनर दीनदयाल कुमावत भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। यानी अध्यक्ष की कुर्सी के लिए फिलहाल 4 नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, लेकिन चुनावी तस्वीर नामांकन दाखिल होने के बाद पूरी तरह साफ हो सकेगी।

### उपाध्यक्ष पद पर भी नेता पुत्रों की दावेदारी

उपाध्यक्ष पद के लिए भी राजनीतिक रसूख वाले परिवारों से जुड़े नाम सामने आ रहे हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर और मंत्री ओटाराम देवासी के पुत्र विक्रम देवासी को इस पद का प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। हालांकि इस पद पर किसी जिला क्रिकेट संघ के सचिव को भी जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। चुनावी समीकरण अगर अध्यक्ष और सचिव पद पर किसी एक खेमे के पक्ष में जाते हैं तो उपाध्यक्ष पद पर दूसरे खेमे को साधने का फॉर्मूला भी अपनाया जा सकता है। कोषाध्यक्ष पद को लेकर भी अंदरखाने जबरदस्त लॉबिंग चल रही है। अगर पिंकेश जैन या आशीष तिवाड़ी में से किसी एक को सचिव पद नहीं मिलता है तो दोनों में से किसी एक को कोषाध्यक्ष पद दिए जाने की चर्चा है। दोनों पूर्व एडहॉक कमेटी से जुड़े रहे हैं और भाजपा विचारधारा से नजदीकी रखने वाले नेताओं के रूप में देखे जाते हैं। इसके अलावा RSS से जुड़े रमेश अग्रवाल के बेटे क्षितिज अग्रवाल का नाम भी कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रमुखता से लिया जा रहा है। कोषाध्यक्ष पद की दौड़ में सुशील जैन के नाम भी शामिल हैं। ऐसे में अध्यक्ष और सचिव पद का फैसला होने के बाद कोषाध्यक्ष पद के समीकरण सबसे तेजी से बदल सकते हैं।

संयुक्त सचिव पद के लिए गोविंद स्वरूप उपाध्याय, धर्मवीर सिंह शेखावत, सुशील जैन और मनोज चौधरी के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में सामने आए हैं। इस पद को लेकर भी जिला संघों के पदाधिकारियों से संपर्क का दौर शुरू हो चुका है। इसके अलावा मनोज शर्मा, मुकेश शाह और अभिषेक शर्मा के नाम भी अन्य प्रमुख पदों की दावेदारी में चर्चा में हैं। अगर अध्यक्ष, सचिव या कोषाध्यक्ष पद पर किसी बड़े राजनीतिक परिवार से जुड़े दावेदार को जगह मिलती है तो बाकी दावेदारों को दूसरे पदों पर समायोजित करने की संभावना चुनावी समीकरणों का अहम हिस्सा बन सकती है।

# बहू की सैलरी से 25 प्रतिशत राशि सास को मिलेगी, हाईकोर्ट ने बिजली निगम को दिए कटौती के आदेश

### अनुकंपा नियुक्ति के बाद कर ली दूसरी शादी

**जयपुर।** पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति पाने वाली पत्नी (बहू) की सैलरी से 25 प्रतिशत राशि सास के बैंक अकाउंट में जमा की जाए। राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर) के जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) को यह आदेश सास-ससुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

साल 2018 में सास-ससुर ने याचिका लगाई थी। हालांकि सुनवाई के दौरान ससुर की मृत्यु हो गई थी। याचिका में कहा गया था कि उनका बेटा अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) में टेक्निकल हेल्पर के पद पर कार्यरत था। मार्च 2017 में उसकी मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद सास-ससुर का अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) मिलने पर बहू को अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। नौकरी के समय बहू ने परिवार के अन्य मेंबर्स की देखभाल और भरण पोषण का शपथ पत्र भी दिया था।

लेकिन नौकरी मिलने के कुछ समय बाद ही बहू ने घर (ससुराल) छोड़ दिया और दूसरी शादी कर ली। सास-ससुर को सहारा देना भी बंद कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति कोई व्यक्तिगत अधिकार या विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि यह कल्याणकारी उपाय है। कोर्ट ने माना कि परिवार का भरण-पोषण करने का शपथ पत्र ही इस नियुक्ति का मुख्य आधार था। इस योजना का लाभ उठाने के बाद उस दायित्व से पीछे हट जाना, अनुकंपा नियुक्ति योजना की मूल भावना और आत्मा का उल्लंघन है।

**बहू ने कहा था- सास के दो अन्य बेटे, वो कर सकते हैं भरण-पोषणः** बहू की ओर से दलील दी गई कि मैंने दुर्व्यवहार के कारण अपना ससुराल छोड़ा था। ससुर की मृत्यु हो गई है। वहीं सास का भरण-पोषण उनके अन्य दो बेटे भी कर सकते हैं। ऐसे में सैलरी का हिस्सा याचिकाकर्ता के साथ साझा करने और मृत पति के टर्मिनल बेनिफिट्स में हिस्सा देने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए।

### सीकरः एससी-ओबीसी के 3-3 प्रधान बनेंगे

**सीकर।** सीकर में आज पंचायत राज चुनावों की रिजर्वेशन लॉटरी निकाली जा रही है। इनमें पंचायत समिति के 16 प्रधान में से 8 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हुई हैं। वहीं, एससी और ओबीसी के लिए 3-3 और एसटी के लिए 1 सीट रिजर्व हुई है। बुधवार को जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समितियों के प्रधान और पंचायत समितियों के सदस्य के लिए लॉटरी निकल रही है। अब लॉटरी निकलने के साथ जिले में पंचायतीराज चुनावों के लिए चुनावी बिगुल बज जाएगा।

सीकर में जिला परिषद के 49 सदस्य, 16 प्रधान और 304 पंचायत समिति सदस्य बनेंगे। जिला प्रमुख के लिए 13 अगस्त को लॉटरी निकली थी, सीकर में ओबीसी कैटेगरी की महिला जिला प्रमुख बनेगी।

# मर्सिडीज वर्कशॉप में आगः 8 कारें जलीं



**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके के सीतापुरा स्थित बालाजी मार्केट में मंगलवार देर रात मर्सिडीज कंपनी के वर्कशॉप में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि वर्कशॉप में खड़ी करीब 8 कार, एसेसरीज और महंगे पार्ट्स जलकर खाक हो गए। आग का धुआं करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं।

आग को फैलने से रोकने के लिए आसपास के क्षेत्र की बिजली सप्लाई भी बंद कराई गई। करीब 10 दमकलों ने 2 दर्जन से ज्यादा फेरे लगाकर करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के समय वर्कशॉप में नई और पुरानी 50 से ज्यादा कारें खड़ी थीं। आग फैलने से पहले फायर ब्रिगेड कर्मियों और पुलिस ने कई कारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। फायर ऑफिसर उषा शर्मा ने बताया कि करीब 10 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। सांगानेर सदर थाना अधिकारी कमलेश शर्मा ने बताया कि कई कारों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर गांव में नियाज दिलाई

**नागौर।** नागौर हरसौर कस्बे के मूंडेलपुरा रोड स्थित मौलाना कृषि फार्म हाउस पर सरकार गौसे आज़म की ग्यारहवीं शरीफ के उपलक्ष्य पर नियाज दिलाई गई। कमेटी से जुड़े अब्दुल हकीम ठाकर ने बताया कि मुस्लिम समाज के लोगों ने आकर हलीम का लुफ़्त उठाया। नियाज का कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चला। दावत-ए- आम दौरान स्थानीय सरपंच जाकिर हुसैन व 36 कौम के लोग भी शामिल हुए। प्रोग्राम के अंत में देशवाली समाज के पूर्व सदर सुलेमान खां के लिए दुआएं की गई। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर देश में अमर चैन की दुआएं की गई। इस दौरान समाज के अनेक लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# बकरियां चराने के विवाद में डंपर से कुचलकर हत्या, मां घायल, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर।** बीकानेर के गजनेर थाना क्षेत्र में बकरियां खेत में चरने से रोकने को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति की डंपर से कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना में उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में प्रयुक्त डंपर भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, परिवादी जेठाराम निवासी सुरजड़ा ने 21 सितंबर को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि 20 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे उसकी 15-16 बकरियां खेत के बाहर चर रही थीं। पड़ोसी गांव डेह निवासी बाबूलाल उन्हें रोककर ले जा रहा था। इस दौरान परिवादी के पिता पूनमाराम और खेत मालिक सुरेंद्र कुमार ने उसे समझाया। आरोप है कि बाबूलाल ने मौके पर जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।

पुलिस के मुताबिक, इसी रंजिश के चलते 21 सितंबर की सुबह करीब 5 बजे आरोपी बाबूलाल डंपर लेकर खेत की ओर आया और परिवादी के पिता पूनमाराम और मां पूनम देवी के ऊपर डंपर चढ़ा दिया। हादसे में पूनमाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूनम देवी गंभीर घायल हो गईं। आरोपी ने पास खड़ी मोटरसाइकिल को भी टक्कर मारी और उसे करीब 250 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### घायल बेटे पर भी डंपर चढ़ाने का प्रयास

पुलिस के अनुसार, जब परिवादी अपनी घायल मां के इलाज के लिए साधन लेने एनएच-11 पर गया, तब आरोपी वापस डेह की तरफ से आया और परिवादी पर भी डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। परिवादी ने कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। घायल पूनम देवी को पीबीएम अस्पताल बीकानेर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र पालावत से खास बातचीत

# बिलाड़ा को स्वच्छ, विकसित और आत्मनिर्भर बनाएंगेः पालावत



**ज़ूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

पालिका अध्यक्ष के रूप में अपना कार्य भार संभालने के साथ ही महेंद्र पालावत ने कस्बे के समग्र विकास का संकल्प जताया साथ ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं और भावी योजनाओं को भी साझा किया। उन्होंने कहा स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कस्बे के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और नियमित मॉनिटरिंग के जरिए कस्बे को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। डोर टू डोर कलेक्शन के साथ ही कचरा निस्तारण प्रक्रिया को नया स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए हम जल्द ही कचरा संकलन करने के लिए और नई टिपर गाड़ियां लगाने के लिए सभी पार्षदों की सलाह से एक योजना बनाने जा रहे हैं जो स्थाई समाधान होगा साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का भी स्थाई समाधान किया जाएगा।

नगर पालिका की माली हालत सुधारने को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि बकाया राजस्व की वसूली तेज करेंगे। पारदर्शी प्रक्रिया से नए आय स्रोत विकसित किए जाएंगे और फिजूल खर्ची पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा। इतना ही नहीं हम विभिन्न स्रोतों से आय बढाकर अपने पैरों पर खड़े होंगे,आत्म निर्भर होंगे। कस्बे वासियों के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से अपील करते हुए कहा कि यह कस्बा हम सभी का अपना है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी को सहयोग करना है। कस्बे वासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही नगर सरकार का मुख्य इरादा रहेगा इसी के साथ उन्होंने अपनी तीन प्रमुख प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि स्वच्छ व सुंदर कस्बा, सड़क, रोशनी, पानी का सुगम बुनियादी ढांचा तथा पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त जनसुनवाई इन प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के लिए समय बद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी।

**ब्रीफ न्यूज**

## पंचायत चुनाव सरपंच और वार्ड पंच पदों के आरक्षण का आवंटन आज

**ज़ूम न्यूज़ • पाली**

पंचायती राज आम चुनाव के तहत ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड सदस्य पदों के आरक्षण की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। इसके लिए पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को दोपहर 2 बजे आरक्षण आवंटन की प्रक्रिया आयोजित होगी। निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि प्रक्रिया के दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के आरक्षण के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित निर्धारित श्रेणियों एवं महिला आरक्षण का आवंटन किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के वार्ड सदस्यों के पदों के लिए भी आरक्षण एवं महिला आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। पारदर्शिता के साथ होगी आरक्षण प्रक्रिया -एसडीएम राणावत ने बताया कि आरक्षण आवंटन की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी। प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं तथा पंचायत समिति स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**पंचायत समिति सभागार में दोपहर 2 बजे होगी प्रक्रिया, तैयारियां पूरी**

## बिलाड़ा-पीपाड़ सामान्य और कापरड़ा एससी के खाते में आई

**ज़ूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

पंचायती राज चुनावों का बिगुल बजने के साथ ही बुधवार को पंचायत समिति प्रधानों, जिला परिषद सदस्यों और पंचायत समिति सदस्यों के पदों के लिए आरक्षण की लॉटरी निकाली गई । जिला कलक्टर के निर्देशन में पारदर्शी तरीके से सीटों का आवंटन और आरक्षण किया गया।बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र की बिलाड़ा, कापरड़ा, एवं पीपाड़ पंचायत समिति के लिए भी प्रधान पद के लिए लाटरी निकाली गई। बिलाड़ा ओर पीपाड़ समिति में सामान्य वर्ग से तथा नई बनी कापरड़ा समिति अनुसूचित जाती के खाते में लाटरी निकली। विकास अधिकारी विक्रमसिंह राजपुरोहित के अनुसार बिलाड़ा पंचायत समिति के वार्ड संख्या 2 और 8 अनुसूचित जाति ओपन के पक्ष में। वार्ड संख्या 13 और 9 अनुसूचित जाति महिला के खाते में खुली। वार्ड संख्या 6 और 4 ओबीसी ओपन तथा वार्ड संख्या 10 ओबीसी महिला के खाते में रही। वार्ड संख्या 5,7,12, ओर 14 अनारक्षित ओपन के खाते में रही। वार्ड संख्या 11,3, 15 और 1 अनारक्षित महिला वर्ग के खाते में गई। इसी प्रकार कापरड़ा समिति में वार्ड संख्या 7 और 13 अनुसूचित जाति ओपन तथा अनुसूचित जाति महिला के पक्ष में वार्ड संख्या एक के खाते में लॉटरी खुली। वार्ड संख्या 6 और 12 ओबीसी ओपन के लिए तथा वार्ड संख्या 3 ओबीसी महिला के पक्ष में लॉटरी रही। वार्ड संख्या 2,8,9 और 10 अनारक्षित ओपन जबकि वार्ड संख्या 5,11, 15,4 और 14 अनारक्षित महिला के पक्ष में लॉटरी खुली। पंचायत समिति के लिए लॉटरी खुलने के साथ ही यहां संपूर्ण क्षेत्र में ग्रामीण राजनीति में हलचल शुरू हो गई है। बिलाड़ा और पीपाड़ सामान्य वर्ग में जाने से सामान्य वर्ग में एकाएक खुशी की लहर है वही जिले में पहली बार पंचायत समिति बनी कपड़ा अनुसूचित जाति के खाते में जाने से पिछड़े वर्ग को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

## नेशनल बॉल बैडमिंटन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे अमित और आलीशान

**ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर**

राष्ट्रीय स्तरीय 72वीं बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन 24 से 28 सितंबर तक तिरुपति, आंध्र प्रदेश में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान की टीम का चयन किया गया है। इसमें जोधपुर के पुरुष वर्ग से अमित कुमार तथा



महिला वर्ग से आलीशान बेगम का राजस्थान टीम में चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी बॉल बैडमिंटन कोच महबूब खान से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चयन के बाद जोधपुर बॉल बैडमिंटन संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। जोधपुर बॉल बैडमिंटन संगठन के अध्यक्ष शाकिर अली, कोषाध्यक्ष मनोज मालानी, संयुक्त सचिव मुजफ्फर भाई सहित वासु, सुमित, सुनील, यश, डॉ. एडम तथा एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

# हैफा हीरो मेजर दलपत सिंह की वीरता गौरव का विषयः महापौर बुबकिया

### हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह का 108वां बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया

**ज़ूम न्यूज़ • पाली**

जिला रावणा राजपूत समाज की ओर से बुधवार को हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली का 108वां बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नया गांव स्थित हाइफा सर्किल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाजबंधुओं सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने मेजर दलपत सिंह की वीरता और शहादत को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान 'मेजर साहब अमर रहें' के गगनभेदी नारों से हाइफा सर्किल गूंज उठा।

मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि शौर्य दिवस के तहत आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी ने मेजर दलपत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। कार्यक्रम में पाली महापौर नमिता विकास बुबकिया ने कहा कि हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह ने हाइफा के युद्ध में अपनी घुड़सवारी, ढाल और तलवार के अदम्य साहस से वीरता का परिचय दिया। उनकी शौर्यगाथा सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मेजर दलपत सिंह का जन्मस्थान पाली जिले का देवली गांव होना जिलेवासियों के लिए भी सम्मान का विषय है।



### इजरायल में भी याद किया जाता है मेजर दलपत सिंह का शौर्य

पूर्व सांसद पुष्प जैन ने कहा कि मेजर दलपत सिंह का शौर्य केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि इजरायल में भी उन्हें सम्मान के साथ याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के इजरायल दौरे के दौरान भी मेजर दलपत सिंह के शौर्य स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जाती है।पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि मेजर दलपत सिंह की शहादत को इजरायल में भी श्रद्धा के साथ स्मरण किया जाता है। उनके जीवन और वीरता से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने कहा कि मेजर दलपत सिंह ने अल्पायु में ही अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। उनके हौसले और देशभक्ति को सलाम करते हुए उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### समाज को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान : मूलसिंह

मुख्य संरक्षक मूल सिंह भाटी एवं जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार ने मेजर दलपत सिंह के आदर्शों और बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर शिक्षा, सामाजिक चेतना और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।

**इन्होंने भी किया संबोधित** -कार्यक्रम को पाली उपमहापौर प्रत्याशी विक्रमपाल सिंह, विकास बुबकिया, मीना कंवर देवगढ़, शहर अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह भैसाणा, केशर सिंह मांगलिया, ओम सिंह सोढ़ा, सुरेन्द्र सिंह परिहार, बाबू सिंह परिहार, नरपत सिंह सोलंकी, गोपाल सिंह चावड़ा, धन सिंह सोलंकी एवं शैतान सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने मेजर दलपत सिंह की वीरता, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर जगदीश सिंह इंदा, जब्बर सिंह देवल, देवी सिंह चौहान, कान सिंह भाटी, राजू सिंह चौहान, मांगू सिंह गोयल, पूनम सिंह चौहान, बाल सिंह पंवार सहित शहर की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

# फलौदी में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

### मेजबान फलोदी क्रिकेट में बना चैंपियन, 14 वर्षीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ



**ज़ूम न्यूज़ • फलौदी**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की मेजबानी में चल रहे 17 वर्ष आयु वर्ग और 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्रा शतरंज, टेबल टेनिस और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आज समापन और 14 वर्षीय छात्र/ छात्रा शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भी हुआ।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने बताया कि मुख्य अतिथि शहर पार्षद सौरभ बोहरा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नटवरलाल माली और जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक पूर्ण राम देव की अध्यक्षता में कार्यक्रम की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की गई इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शतरंज में स्टेट लेवल पर जाने वाली चारों कैटेगरी में 20 प्रतिभाओं का सम्मान शील्ड देकर किया गया। किया गया, इसी तरह टेबल टेनिस में भी स्टेट लेवल पर जाने वाली सभी प्रतिभाओं का सम्मान मुख्य अतिथि और अध्यक्ष महोदय व प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। खेल प्रभारी राधेश्याम जी मेघवाल द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पूर्णराम देव ने जीवन में खेल की अनिवार्यता पर बल दिया ।17 वर्षीय छात्र आयु वर्ग क्रिकेट में मेजबान फलोदी विजेता बनी वही सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी उप विजेता रही। 19 वर्षीय छात्र आयु वर्ग के क्रिकेट मैच में ड्यून्स एकेडमी आऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की टीम ने मात्र 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी के रूपेश को मैन ऑफ द मैच दिया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## इटावा में धाकड़ समाज का प्रदर्शन

**इटावा**। कोटा के इटावा में ओबीसी आयोग की रिपोर्ट में धाकड़ समाज की जनसंख्या कम दिखाए जाने के विरोध में बुधवार को समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। धाकड़ युवा शक्ति के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग सूखनी नदी के पास एकत्र हुए और ट्रैक्टर रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। रैली में 500 से ज्यादा ट्रैक्टरों के साथ कारें और बाइक भी शामिल थीं। दोपहर करीब 3 बजे प्रदर्शनकारी अपनी मांगों का ज्ञापन देने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी की।

### तेरापंथ युवक परिषद, सरदारपुरा के तत्वावधान में 'रक्तदान कर्तव्य' मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव

# 105 यूनिट रक्त संग्रहित, युवाओं ने दिया मानव सेवा का संदेश

**ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में बुधवार को तेरापंथ युवक परिषद, सरदारपुरा के तत्वावधान में "रक्तदान कर्तव्य" मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। झालामंड स्थित पेन इंडिया मॉल के एलजी फ्लोर पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 105 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में युवाओं ने विशेष उत्साह दिखाते हुए मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई। तेरापंथ युवक परिषद, सरदारपुरा के अध्यक्ष मनसुख संचेती एवं कोषाध्यक्ष जिनेंद्र बोथरा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। समय पर उपलब्ध कराया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजन एवं सहयोग में प्रिमियर इन्फोसिस्टस प्रा.लि. की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कंपनी की ओर से अंकित सुरेका, अमित दादसेना, हेमंत बोथरा, शीर्षा रॉयचौधरी एवं जितेंद्र नाहटा ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया। यह आयोजन "Uniting Corporates for Viksit Bharat" की भावना के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक प्रिमियर इन्फोसिस्टस प्रा.लि एवं पेन इण्डिया मॉल, झालामंड जोधपुर रहे।

शिविर के दौरान रक्तदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि 105 यूनिट रक्त का संग्रहण समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता और मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम, सहयोगी संस्थाओं,प्रिमियर इन्फोसिस्टस प्रा.लि एवं पेन इण्डिया मॉल, झालामंड प्रबंधन तथा आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।सहयोग टाईम बैंक के रवि सुराणा ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिये।रक्तदान शिविर ने युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने का प्रेरणादायी संदेश दिया।



# फलौदी: जिप सदस्य, प्रधान व पंस सदस्य के लिए सीटों का निर्धारण

## ▪ पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनावों के लिए जिला स्तर पर लॉटरी निकाली गई

**जूम न्यूज • फलौदी**

जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनावों के लिए जिला परिषद सदस्य, प्रधान व पंचायत समिति सदस्य की लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण की गई।

**जिला परिषद सदस्य लॉटरी:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के लिए 23 वार्ड की लॉटरी प्रक्रिया की गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 4 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 2 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 5, 10, 11 व 16 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 10 व 11 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 2 आरक्षित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 4 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 2 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 1, 7, 13 एवं 20 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 1 व 20 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के 14 वार्ड में सामान्य महिला के लिए 7 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 18, 22, 14, 21, 19, 8 एवं 23 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

### पंस सदस्य लॉटरी

**1 पंचायत समिति बापिणी –** पंचायत समिति बापिणी के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 4, 13, 15 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 14 आरक्षित हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 1, 8, एवं 9 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 8 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के 8 वार्ड में सामान्य महिला के 3 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 3, 5, 6, 7 एवं 10 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**2. पंचायत समिति देचू –** पंचायत समिति देचू के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं।अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 13, 14, 15 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 12 आरक्षित हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 1, 2, एवं 3 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 3 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए।

सामान्य वर्ग के कुल 8 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 4, 5, 7, 8 एवं 10 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**3. पंचायत समिति सेतरावा –** पंचायत समिति सेतरावा के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 4, 10, 12 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 4 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 13 आरक्षित हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 3, 8 एवं 15 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 3 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के कुल 8 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 1, 5, 9, 11 एवं 14 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।




**4. पंचायत समिति आऊ –** पंचायत समिति आऊ के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 2 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 3 व 15 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 4 आरक्षित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 2, 9 एवं 12 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 2 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए।

सामान्य वर्ग के कुल 9 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 5, 6, 7, 8 एवं 13 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**5. पंचायत समिति लोहावट –** पंचायत समिति लोहावट के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 2 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 3 व 4 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 13 आरक्षित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 11, 14 एवं 15 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 14 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के कुल 9 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 1, 6, 8, 9 एवं 10 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**6. पंचायत समिति पीलवा –** पंचायत समिति पीलवा के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 2 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 9 व 12 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 9 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 5 आरक्षित हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 1, 7 एवं 13 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 13 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के कुल 9 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 2, 4, 8, 14 एवं 15 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**7. पंचायत समिति बाप –** पंचायत समिति बाप के सदस्यों के लिए 19 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 9, 16 व 18 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 9 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 10 आरक्षित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 2, 11 एवं 19 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 11 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए।

सामान्य वर्ग के कुल 12 वार्ड में सामान्य महिला के 7 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 4, 5, 6, 8, 12, 14 एवं 15 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**8. पंचायत समिति घंटियाली –** पंचायत समिति घंटियाली के सदस्यों के लिए 17 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 12, 13 व 17 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 17 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के लिए वार्ड नंबर 11 आरक्षित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 5, 8 एवं 14 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 14 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए।

सामान्य वर्ग के कुल 10 वार्ड में सामान्य महिला के 6 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 2, 4, 6, 7, 9 एवं 16 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

**9. पंचायत समिति फलौदी –** पंचायत समिति फलौदी के सदस्यों के लिए 15 वार्ड की लॉटरी निकाली गई। अनुसूचित जाति के लिए कुल 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिलाओं के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 7, 9 व 13 के लिए महिला सीट के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष वार्डो के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई। ओबीसी वर्ग के लिए 3 वार्ड आरक्षित हैं जिनमें महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित हैं। लॉटरी प्रक्रिया करने पर वार्ड नंबर 2, 3 एवं 8 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुई। इसके बाद ओबीसी महिला के लिए वार्डो की लॉटरी निकाली गई। जिसमें वार्ड नंबर 3 ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए। सामान्य वर्ग के कुल 9 वार्ड में सामान्य महिला के 5 वार्डो के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें वार्ड नंबर 5, 10, 11, 12 एवं 15 सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई।

### 9 पंचायत समितियों में प्रधान सीट निर्धारण

जिले की 9 पंचायत समिति प्रधान के लिये लॉटरी निकाली गई, जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 2 सीटें आरक्षित जिनमें महिला के लिए 1 सीट आरक्षित है। पंचायत समिति फलौदी व सेतरावा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुई। जिनमें लॉटरी निकालने पर पंचायत समिति फलौदी अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुआ।

अनुसूचित जनजाति के लिए 1 सीट आरक्षित है। पंचायत समिति देचू प्रधान सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हुआ। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शेष सीटों के आधार पर लॉटरी प्रक्रिया की गई जिनमें पंचायत समिति बापिणी सीट आरक्षित हुई।

सामान्य के लिए 5 सीट है, जिनमें महिला के लिए 3 सीट आरक्षित है। जिसमें पंचायत समिति आऊ, घंटियाली व पीलवा सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई। पंचायत समिति बाप व लोहावट सामान्य सीट है।

---

## ब्रीफ न्यूज

### तीन दिवसीय बैंक हड़ताल को लेकर कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**जूम न्यूज • बिलाड़ा**

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) के आह्वान पर 28 से 30 सितंबर 2026 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल के समर्थन में बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की बिलाड़ा शाखा में कर्मचारियों ने बैज पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुटता जताई। इस दौरान कर्मचारी नेता रमेश कच्छवाहा ने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर उप मुख्य श्रम आयुक्त द्वारा आयोजित सुलह बैठक भी विफल रही। उन्होंने कहा कि 12वें द्विपक्षीय समझौते के अनुसार पांच दिनों की बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग पर भारतीय बैंक संघ (IBA) एवं वित्तीय सेवा विभाग (DFS) की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। कच्छवाहा ने बताया कि मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण UFBU ने 28 से 30 सितंबर 2026 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय लगातार बैंक हड़ताल पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने सरकार एवं संबंधित पक्षों से उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की मांग की।

### शिविर में मिला पक्के आवास और राजस्व रिकॉर्ड सुधार का त्वरित लाभ



**जूम न्यूज • जोधपुर**

विकसित भारत–जन सेवा अभियान–2026 के अंतर्गत पंचायत समिति मंडोर की ग्राम पंचायत डांगियावास में आयोजित विशेष शिविर आमजन के लिए त्वरित राहत एवं सामाजिक-आर्थिक संबल का माध्यम बना। शिविर में पात्र लाभार्थियों के प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में सुगरी पत्नी श्री जस्सा राम को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत पक्का एवं सुरक्षित आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्षों से कच्चे एवं जर्जर मकान में रह रहीं सुगरी को शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी श्री हिम्मत राम ने मौके पर ही स्वीकृति पत्र सौंपा।

इसी क्रम में राजस्व विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण गोरधन राम पुत्र श्री कंवराराम के खसरा संख्या 172 एवं 180 के हिस्से में दर्ज अशुद्धि का आवश्यक प्रपत्र तैयार कर मौके पर ही शुद्धिकरण किया। एक ही शिविर में आवास योजना की स्वीकृति और राजस्व रिकॉर्ड में सुधार होने से लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। इस दौरान विकास अधिकारी श्री हिम्मत राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## पीपाड़ शहर में पालिका अध्यक्ष आशा देवी ने संभाला कार्यभार



### पालिका कार्यालय में हुआ स्वागत, नवनिर्वाचित पार्षद व गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

**जूम न्यूज • पीपाड़ शहर**

नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्वाचित होने के बाद आशा देवी ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान पालिका कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल एवं अधिशासी अधिकारी मोहम्मद सुहेल शेख सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं नवनिर्वाचित पार्षदों और शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी पालिका कार्यालय पहुंचकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा देवी का स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष आशा देवी ने पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शहर में चल रहे विकास कार्यों तथा विभिन्न जनसमस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी पार्षदों, अधिकारियों और आमजन के सहयोग से मिलकर कार्य किया जाएगा। शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ साफ-सफाई, सड़क, पेयजल, रोशनी एवं अन्य नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही नगर पालिका में नई बोर्ड की विधिवत शुरुआत हो गई। इस दौरान मौजूद पार्षदों एवं नागरिकों ने भी शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पालिका कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

---

## बेटी दिवस पर राजस्थान की 25 प्रतिभाशाली बेटियों का होगा सम्मान

**जूम न्यूज • जोधपुर**

बेटियों की प्रतिभा, उपलब्धियों और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान के तत्वावधान में "बेटी दिवस सम्मान समारोह-2026" का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह रविवार, 27 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे लकी बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईएसआई हॉस्पिटल रोड, कमला नेहरू नगर, जोधपुर, गेट नंबर 4 में आयोजित होगा। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान की 25 ऐसी प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर अपने परिवार, समाज और राजस्थान का नाम रोशन किया है इन बेटियों का चयन शिक्षा, चित्रकला, अभिनय, संगीत, नृत्य, कला, खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। समारोह का उद्देश्य बेटियों की उपलब्धियों को समाज के सामने सम्मान के साथ प्रस्तुत करना तथा अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

सम्मानित होने वाली 25 बेटियां में हृदया पुरोहित,निशा, पायल भाटी श्रावया गहलोत, गीतिका कन्नौजिया,अनु गहलोत पूजा सोलंकी,पुष्पा परिहार,पूजा परिहार,मोनिका परिहार प्रियांशा चौधरी,सुशीला रानेजा,अंशिका परिहार,दीप्ति गोयल,मुस्कान समीर, डॉ.मोनिका व्यास,माहिना जैन विपुला व्यास,रितिका व्यास एडवोकेट संजना पुरोहित,रेखा बालर,अनुपमा वकील,पुष्पा मित्तल,डॉ.श्वेता कच्छवाह,अदिति टेलर है समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान एवं उपलब्धियों के लिए 5 स्पेशल अवॉर्ड भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें—भागवत चौहान,लता परिहार,सीमा व्यास स्वाति पुरोहित,सीमा पिल्लई को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा।

---

## हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग, 14 फायर ब्रिगेड कर्मचारी झुलसे

### ड्रम पर पत्थर गिरने से हुआ विस्फोट; एम्स में बर्न यूनिट नहीं, महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर



**जूम न्यूज • जोधपुर**

जोधपुर में SR हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में बुधवार शाम करीब 5.30 बजे आग लग गई। फैक्ट्री में रखे केमिकल के ड्रमों से आग तेजी से फैल गई। इस दौरान केमिकल के ड्रमों में विस्फोट होते रहे। घटना के समय फैक्ट्री पर ताला लगा हुआ था। आग लगने की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी फैक्ट्री में लगी आग बुझा रहे थे। इसी दौरान छत से एक पत्थर केमिकल ड्रम पर आकर गिरा और ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण 14 फायर ब्रिगेड कर्मचारी झुलस गए।

सभी कर्मचारियों को एम्स ले जाया गया, 2 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया। एम्स में बर्न यूनिट नहीं होने के चलते 12 घायलों को प्राथमिक इलाज देकर महात्मा गांधी अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर कलेक्टर आलोक रंजन और कमिश्नर अंशुमन भोमिया हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों की जानकारी ली। वहीं इस हादसे में झुलसे कर्मचारियों में से 3 वेंटिलेटर पर हैं। इनमें से दो सुरेंद्र 60 से 65 प्रतिशत झुलसे है। वहीं प्रदीप और प्रीतेश 80 से 90 प्रतिशत तक झुलसे हैं। नगर निगम के चीफ फायर ऑफिसर जलज घसिया ने बताया- हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग लग गई थी।

---

## डबल इंजन की सरकार खेलों के विकास और युवा कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: संसदीय कार्य मंत्री

### जाखड़ों की ढाणी (नारवा) में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू

**जूम न्यूज • जोधपुर**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाखड़ों की ढाणी (नारवा) में 70 वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह बुधवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुरूप 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे अभियानों ने देश में खेल परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया है। उन्होंने कहा 'फिट इंडिया' आंदोलन ने हर नागरिक को दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जबकि 'खेलो इंडिया' योजना ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों से जमीनी स्तर की खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है।

पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार खेलों के विकास और युवा कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा आधुनिक खेल अवसंरचना विकास और खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन देकर हम युवाओं को नशे व डिजिटल लत से दूर रखकर एक स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की ओर अग्रसर हैं।

पटेल ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासित जीवन और सशक्त चरित्र के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा खेल मैदान में सीखी गई टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के गुण जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं। कार्यक्रम में बाबूराम दवा, भैरो सिंह खींची, भैराराम जाखड़, पूनाराम बाटेडा, ईश्वरसिंह, करनाराम जाखड़, भूरसिंह लोल सहित जनप्रतिनिधिगण और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

---

## दशलक्षण पर्युषण पर्व पर मंदिरों में हो रहे धार्मिक आयोजन



**जूम न्यूज • आनंदपुर कालू**

कस्बे में दिगम्बर जैन समाज की ओर से दशलक्षण पर्युषण पर्व के अवसर श्रदालुओं द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के पुजन किया जा रहा है । पर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल हे मन्दिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया

बुधवार को दिगम्बर जैन नया मंदिर एवं दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की नित्य नियम पूजा-अर्चना एवं अभिषेक के साथ दशलक्षण पर्युषण पर्व के आठवे दिन उत्तम त्याग धर्म का विधिवत पूजन किया गया। श्रद्धालुओ ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर धर्म लाभ लिया पूजन कार्यक्रम में सुभाष चन्द कोठारी महावीर प्रसाद बोहरा, लूणकरण जैन, महावीर प्रसाद कोठारी जयकुमार पाटनी, दौलतचंद कासलीवाल, सुनिल कासलीवाल बछराज पाटनी राजेश कासलीवाल लालचन्द जैन आनन्द जैन राकेश कोठारी ललित जैन अमित जैन राहुल जैन रजत बोहरा चिराग कासलीवाल संतोष जैन, सुमित्रा जैन मधु बोहरा, लक्ष्मी जैन, सरिता जैन, मंजू जैन, ममता, सीमा, मोनिका सहित श्रदालुओं ने भाग लिया।

### महिला हॉकी : भारत की थाईलैंड पर 20-1 से बड़ी जीत

# ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने बनाया रिकार्ड, दागे 9 गोल

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका के रिकॉर्ड 9 गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को पूल बी के मैच में थाईलैंड को 20-1 से हराया। भारत के लिए दीपिका ने (दूसरा, आठवां, नौवां, 24वां, 33वां, 36वां, 39वां, 51वां और 57वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर 9 गोल दागे। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने चार (चौथा मिनट, 29वां, 35वां और 51वां) और रूतुजा पिसाल ने तीन (10वां, 11वां और 47वां) गोल किए। वहीं अनुभवी मिडफील्डर नेहा (19वां), लालरेम्सियामी (26वां), साक्षी राणा (29वां) और कप्तान सलीमा टेटे (45वां) ने एक एक गोल किए।

दीपिका ने उजबेकिस्तान के खिलाफ मैच में आठ गोल करके एक मैच में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया था, जिसे उन्होंने आज बेहतर किया। भारत ने पहले क्वार्टर में छह, दूसरे और तीसरे क्वार्टर में पांच पांच और आखिरी क्वार्टर में चार गोल किए। थाईलैंड के लिए एकमात्र गोल 57वें मिनट में सुपांसा सामांसो ने पेनल्टी कॉर्नर वैरिएशन पर किया। भारत का सामना अब शुक्रवार को जापान से होगा।



### पुरुष बैडमिंटन : भारतीय टीम ने जीता कांस्य



नागोया। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके, जिससे भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को बुधवार को एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में चीन के हाथों 1-3 से हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने 2023 में हांगझोउ में हुए पिछले एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। तब भी भारतीय टीम को फाइनल में चीन के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ही भारत की ओर से एकमात्र जीत दर्ज कर सकी। भारत के सेमीफाइनल तक के सफर के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके और पहले एकल मुकाबले में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी शी यू कि के खिलाफ 16-21, 18-21 से हार गए, जिससे भारत 0-1 से पिछड़ गया।

## वुशू: रोशिबिना देवी 60 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में, पदक पक्का

नागोया। भारतीय वुशू खिलाड़ी रोशिबिना देवी नाओरेम ने इंडोनेशिया की थानिया कुसुमानिंगतियास को हराकर एशियाई खेलों में महिलाओं के 60 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रोशिबिना ने आइची प्रांत मार्शल आर्ट हॉल में यह मुकाबला 2-0 से जीता। अब उनका सामना चीन की शियाओयू झांग से होगा। रोशिबिना ने पिछले दो एशियाई खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। उन्हें दिव्यांशी चौधरी के चोट के कारण बाहर होने के बाद टीम में शामिल किया गया था।



## सॉफ्ट टेनिस : जय मीणा ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास




नागोया। भारत के जय मीणा ने एशियाई खेलों में पुरुषों की एकल सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के सेमीफाइनल में जापान के तुकोया कुरोसाका से 2-4 से हारने के बावजूद कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा। अपने तीसरे एशियाई खेलों में खेल रहे 26 वर्षीय मीणा ने तीन गेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सके और 45 मिनट तक चले मुकाबले में कुरोसाका से 2-4 (3-5, 1-4, 1-4, 4-1, 6-4, 1-4) से हार गए। मध्यप्रदेश के देवास के रहने वाले और 2022 के राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मीणा को शुरुआत में अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। कुरोसाका को पहले तीन गेम जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाले मीणा ने शानदार वापसी की। उन्होंने चौथे गेम को आसानी से 4-1 से जीता और फिर पांचवें गेम को 6-4 से जीतकर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

## स्कीट निशानेबाजी : भारत ने पोडियम में बनाई जगह

स्कीट निशानेबाजी में भारत के लिए राहत लेकर आई और देश ने दो कांस्य पदक जीते। यह ऐसा दिन रहा जब पिस्टल स्पर्धाओं में भारतीय महिला निशानेबाजों का प्रदर्शन अपेक्षित नतीजे हासिल नहीं कर सका। भारत की पुरुष और महिला स्कीट टीम ने पोडियम पर जगह बनाकर शुरुआती दिन से उतार-चढ़ाव से गुजर रहे निशानेबाजी अभियान में कुछ चमक बिखेरी। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी रोमांच रहा। पुरुष वर्ग में अनंतजीत सिंह नरुका और महिला वर्ग में रेजा ढिल्लों पदक के बेहद करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिला टीम का कांस्य विशेष महत्व रखता है। परिनाज धालीवाल, रेजा और माहेश्वरी चौहान ने 375 में से 331 अंक जुटाकर एशियाई खेलों में भारत को स्कीट का पहला पदक दिलाया।



## पदक जीतना सपना सच होने जैसा : मीराबाई



*नागोया। पदक जीतने के बाद मीराबाई ने कहा, 'एशियाई खेलों में पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। मैं पिछले 12 वर्षों से, 2014 के एशियाई खेलों से ही इस पदक के लिए कोशिश कर रही थी। इस पदक के साथ मेरा जीवन पूर्ण हो गया है। अब मैं बहुत हल्का महसूस कर रही हूं। ये मेरे सपनों के एशियाई खेल हैं।'*

### पुरुषों की कयाक फोर 500 मीटर के फाइनल में भारतीय रोइंग टीम

नागोया (भाषा)। वरिंदर सिंह, नाओचा सिंह लैटोनजाम, ओइनाम अरुण सिंह और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत की भारतीय टीम ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों के कैनो स्प्रिंट स्पर्धा में पुरुषों की कयाक फोर 500 मीटर रेस के फाइनल (ए) के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय टीम 1:29.447 के समय के साथ चीन और किर्गिस्तान के पीछे तीसरे स्थान पर रही। महिला कैनो सिंगल 200 मीटर में मेघा प्रदीप ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह छह रोअर्स में 49.675 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस वर्ग में शीर्ष तीन ने फाइनल के लिए जगह बनाई। सोनिया देवी फाइरेम्बम और पार्वती गीता की जोड़ी महिला कयाक डबल 500 मीटर की हीट 1 में 2:03.538 के समय के साथ छठे स्थान पर रही और सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## खबर संक्षेप



### मोहाली में 29 सितंबर को भारत ए का मैच

नई दिल्ली। भारत ए और आस्ट्रेलिया ए की महिला टीमों के बीच 29 सितंबर को होने वाला लाल गेंद का मैच अब धर्मशाला की बजाय मोहाली में होगा क्योंकि बारिश के कारण धर्मशाला में स्टेडियम की आउटफील्ड को नुकसान पहुंचा है। तीन टी20, तीन वनडे और एक लाल गेंद के मैच की श्रृंखला 12 सितंबर से शुरू हुई है। अभी तक सारे मैच मोहाली में खेले गए हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'भारत ए और आस्ट्रेलिया ए महिला टीमों के बीच 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाला मैच अब धर्मशाला की बजाय मोहाली में होगा। धर्मशाला में लगातार बारिश के कारण आउटफील्ड पर असर होने से यह फैसला लिया गया है।' उन्होंने कहा, ' यह मैच अब मोहाली के आई एस बिंद्रा स्टेडियम पर खेला जाएगा।'

### डोपिंग मामले में भारतीय टेनिस खिलाड़ी परीक्षित सोमानी पर 4 साल का बैन

लंदन (भाषा)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी परीक्षित सोमानी पर प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। युगल वर्ग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 256 रैंकिंग हासिल करने वाले 26 वर्षीय सोमानी पिछले साल कजाखस्तान के अस्ताना में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के दौरान प्रतिबंधित दवा के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने कहा, ''एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने टेनिस के डोपिंग रोधी नियमों के तहत भारतीय टेनिस खिलाड़ी परीक्षित सोमानी को चार साल के लिए निलंबित कर दिया है।'' सोमानी को 23 सितंबर 2025 से अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था और स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने उन्हें सितंबर 2029 तक प्रतिबंधित कर दिया है।

# ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 पर भारत की जीत, सीरीज की 'क्लीन स्वीप'

### कप्तान लक्ष्य का शतक, आर्यवीर सहवाग ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने निरंजन शाह स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ मेजबान टीम ने अनाधिकारिक सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' कर लिया है।

भारतीय टीम ने सीरीज का पहला मैच 7 रन से जीता था। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में 30-30 ओवरों की कटौती हुई थी। इसके बाद भारत की अंडर-19 टीम ने सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया खेमे के पास अंतिम मैच जीतकर सम्मान बचाने का मौका था, लेकिन मेहमान टीम इसमें नाकाम रही।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम 254 रन पर सिमटी

बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम 49.3 ओवरों में 254 रन पर सिमट गई। जेड हॉलिक ने चार्ली हेंडरसन (18) के साथ पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े, जिसके बाद हॉलिक ने नील पटेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। हॉलिक 88 गेंदों में 87 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 12 चौके शामिल रहे। नील पटेल 71 गेंदों में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कैटल ने 38 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। भारत की तरफ से मोहित उल्वा और मनल चौहान को 3-3 सफलताएं हाथ लगीं, जबकि काव्य पटेल और आर्यन सवसाणी ने 1-1 विकेट चटकाया।

### भारत ने 41.2 ओवरों में जीता मुकाबला

इसके जवाब में भारत की अंडर-19 टीम ने 41.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। आर्यवीर सहवाग 31 गेंदों में 5 चौकों के साथ 34 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने वीके विनीत (10) का विकेट भी गंवा दिया।

### टी-20 रैंकिंग

# टॉप-10 में 3 भारतीय अय्यर को फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

टी-20 इंटरनेशनल की बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के तीन खिलाड़ी टॉप-10 में शामिल हैं। ईशान किशन पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। वहीं, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के भी तीन बल्लेबाज टी-20 बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। श्रेयस अय्यर को आईसीसी की नई टी-20 इंटरनेशनल बैटिंग रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। अय्यर ने 7 स्थान की छलांग लगाकर अब 22वां स्थान हासिल कर लिया है।

### ओवरटन ने लगाई 47 पायदान की छलांग

इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग का फायदा मिला है। वह 47 स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में पहुंच गए हैं। ओवरटन की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 674 पॉइंट्स रही है। वहीं, पाकिस्तान के अबरार अहमद टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंच गए हैं।

### जैक्स ने किया रैंकिंग में सुधार

*इंग्लैंड के विल जैक्स ने वनडे रैंकिंग में भी शानदार सुधार किया है। उन्होंने 35 स्थान की छलांग लगाकर 37वां स्थान हासिल किया है। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जैक्स ने 46 रन की पारी खेलने के साथ गेंदबाजी में भी कमाल किया और 5 विकेट अपने नाम किए। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन का असर रैंकिंग में भी दिखाई दिया है।*

### वनडे में दूसरे नंबर पर सिकंदर रजा

*जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। वह 276 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में रजा ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। आखिरी दो मुकाबलों में उन्होंने 45 और नाबाद 81 रन की पारियां खेलीं। गेंदबाजी में भी रजा ने 3 विकेट हासिल किए। रजा को वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं।*

### एलिस को तीन स्थान का फायदा

*ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस को वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ और वह 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम योगदान देने वाले जोश इंग्लिस ने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाई है। वह अब 30वें नंबर पर हैं। इंग्लिस ने सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार शतक लगाया था।*

### शतरंज ओलंपियाड

## भारतीय पुरुषों ने इंग्लैंड को जबकि महिलाओं ने जर्मनी को शिकस्त दी

समरकंद (उज्बेकिस्तान) (भाषा)। भारतीय पुरुष टीम ने बुधवार को यहां 46वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को हराया जबकि महिलाओं ने जर्मनी को करारी शिकस्त दी। आर प्रज्ञानानंदा ने शीर्ष बोर्ड पर निकिता वितुगोव पर शानदार जीत दर्ज की जबकि चौथे बोर्ड पर विश्व चैंपियन डी गुकेश अजेय बने रहे और उन्होंने एक और बाजी जीत ली। गुकेश के लिए बोर्ड नंबर मायने नहीं रखता। शीर्ष बोर्ड पर भारत के लिए खेलते हुए पिछले दो स्वर्ण पदक जीत चुके भारतीय धुरंधर चौथे बोर्ड पर भी लगातार तीसरे स्वर्ण पदक की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। तीसरे बोर्ड पर निहाल सरीन की ल्यूक मैकशेन के हाथों हार से भारतीय टीम पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। हालांकि ऐसा लगता है कि विदित गुजराती को फिर से टीम की योजना में शामिल करना होगा। जर्मनी की महिला टीम की उम्मीद पर पहले घंटे में ही पानी फिर गया। अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने पहले बोर्ड पर आसानी से जीत दर्ज की। आर वैशाली ने दूसरे बोर्ड पर ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर जीत दर्ज कर भारत की जीत सुनिश्चित की।

## भारत के खिलाफ खेलेंगे न्यूजीलैंड के 7 तेज गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| राजकोट

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 7 प्रमुख तेज गेंदबाजों को अपनी टीम में चुना है, जिनमें फिट होकर लौटे एडम मिल्ने भी शामिल हैं। यह श्रृंखला 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगी।

मिचेल सैंटनर 4 शहरों में 11 दिनों तक चलने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। न्यू जी लैं ड क्रिकेट के अनुसार इस वर्ष के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के बाद उपविजेता रही टीम के 13 खिलाड़ियों को घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में बरकरार



रखा गया है। न्यूजीलैंड ने अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को काफी मजबूत किया है, जिसमें 34 वर्षीय मिल्ने के अलावा लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, जैकब डफी, जैक फाउल्क्स और नाथन स्मिथ शामिल हैं।

### रचिन रविंद्र सीरीज से बाहर

ऑलराउंडर रचिन रविंद्र कंधे की चोट के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उनकी 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला में वापसी करने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'भारत एक बेहतरीन टीम और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी है, इसलिए कीवी प्रशंसकों के सामने अपनी परिस्थितियों में उनसे मुकाबला करना वास्तव में रोमांचक होगा।' भारत इस दौरे में पांच वनडे और दो टेस्ट मैच भी खेलेगा।

### दूसरा वनडे: कप्तान यास्तिका का शतक बेकार

# ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत को 2 विकेट से हराकर की बराबरी

एजेंसी ▶▶| मोहाली

ऑस्ट्रेलिया की महिला-ए टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेले गए अनाधिकारिक वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 2 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। अंतिम मैच 25 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 6 विकेट खोकर 338 रन बनाए। तनीषा सिंह ने प्रिया पुनिया के साथ पहले विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। प्रिया 32 गेंदों में 7 चौकों के साथ 36 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान यास्तिका भाटिया ने मोर्चा संभाला।



उन्होंने तनीषा (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन और तेजल हसबनीस के साथ तीसरे विकेट के लिए 124 रन जोड़कर टीम को 242 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इसके बाद अनुष्का शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने तेजल के साथ चौथे विकेट के लिए 42 रन जुटाए, जबकि सायली सतघारे के साथ सातवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

### तेजल और अनुष्का ने दिया 60-60 रन का योगदान

यास्तिका 84 गेंदों में 2 छक्कों और 16 चौकों के साथ 112 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि तेजल और अनुष्का ने 60-60 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। मेहमान खेमे से डार्सी ब्राउन ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि मिली इलिंगवर्थ ने 2 विकेट निकाले। लिली मिल्स को 1 विकेट हाथ लगा।

### ऑस्ट्रेलिया की अनिका ने खेली अर्धशतकीय पारी

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई खेमे ने 49.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम को 34 के स्कोर पर निकोल फाल्टम (12) के रूप में शुरुआती झटका लगा, जिसके बाद कप्तान ताहलिया विल्सन ने अनिका लिरोइड के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 गेंदों में 76 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के पार पहुंचाया। अनिका ने 29 गेंदों में 2 छक्कों और 9 चौकों के साथ 54 रन की पारी खेली, जिसके बाद ताहलिया ने चार्ली नॉट के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 गेंदों में 92 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। चार्ली 37 गेंदों में 63 रन बनाकर आउट हुईं। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

राजदूत डॉ. जैस्पर वीक का खुलासा

# सबमरीन डील के लिए जर्मनी तैयार, भारत की मंजूरी का इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी भारत के साथ प्रस्तावित पनडुब्बी सौदे पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। जर्मन राजदूत-मनोनीत डॉ. जैस्पर वीक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जर्मन पक्ष ने सरकारी समझौते समेत सभी दस्तावेज मंजूरी दे दी है। अब प्रस्ताव भारतीय मंजूरी प्रक्रियाओं के पूरा होने का इंतजार कर रहा है। इसमें कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की मंजूरी भी शामिल है। यह बयान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। प्रस्तावित सौदा प्रोजेक्ट 75(आई) के अंतर्गत है। इसके तहत भारत में छह एडवांस पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण होना है।


डॉ. जैस्पर वीक

निर्माण का काम मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, जर्मन शिपबिल्डर थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ साझेदारी में करेगा। प्रोजेक्ट का अनुमानित खर्च 70,000 से 90,000 करोड़ रुपए के बीच है

- **कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की मंजूरी मिलना बाकी**
- **एमडीएल और टीकेएमएस ने जून 2023 में किए साइन**
- **डील के तहत 6 एडवांस पनडुब्बियों का निर्माण होगा**


जर्मनी की सबमरीन यू-31 जिसे वह भारत के साथ मिलकर बनाना चाहता है

### प्रोजेक्ट 75(आई) की विशेषताएं

प्रोजेक्ट 75(आई) भारतीय नौसेना का लंबे समय से लंबित कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) से लैस 6 अगली पीढ़ी की पारंपरिक पनडुब्बियां हासिल करना है। एआईपी तकनीक पनडुब्बी को बैटरी रिचार्ज के लिए सतह पर आए बिना लंबे समय तक पानी के अंदर रहने में सक्षम बनाती है। इससे युद्ध क्षमता और गुप्तचर क्षमता दोनों बढ़ती है। एमडीएल और टीकेएमएस ने जून 2023 में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। औपचारिक डील की बातचीत सितंबर 2025 में शुरू हुई। यह कार्यक्रम नौसेना की पानी के अंदर की क्षमताओं को मजबूत करेगा। साथ ही घरेलू पनडुब्बी निर्माण विशेषज्ञता का विस्तार करेगा। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, स्वदेशी विनिर्माण और संयुक्त विकास के अवसर पैदा होंगे।

### भारतीयों को वीजा मिलने में होगी तेजी

डॉ. वीक का कहना है कि वर्तमान समय में 60 हजार स्किल्ड भारतीय लेबर और इनके परिवार के लोगों को जर्मन वीजा मिला है। हम 80 हजार के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। जर्मनी में वीजा टाइम पहले से काफी कम हुआ है, वीजा आवेदन पर और तेजी से काम होगा। वीजा प्रोसेस का और डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

### *भारत-जर्मनी साझेदारी अहम*

*डॉ. वीक ने रक्षा-औद्योगिक सहयोग को भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का जरूरी हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पनडुब्बी कार्यक्रम व्यापक औद्योगिक सहयोग पैदा कर सकता है। ड्रोन, मानवरहित सिस्टम और एडवांस सेंसर जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग की संभावना है। जर्मन पक्ष की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब गेंद भारतीय पक्ष के पाले में है। सीसीएस समेत आंतरिक मंजूरी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। यह सौदा दोनों देशों के सैन्य और औद्योगिक संबंधों को गहरा करेगा। भारत के लिए यह स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने का मौका है।*

### *संयुक्त विकास और निर्माण पर जोर*

*दोनों देश प्रौद्योगिकी साझा करने, संयुक्त विकास और निर्माण पर जोर दे रहे हैं। ड्रोन और मानवरहित प्रणालियों जैसे आधुनिक क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगा। यह समझौता न केवल नौसेना की क्षमता बढ़ाएगा बल्कि द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई भी देगा।*

**खबर संक्षेप**

### भारतीय जहाज पर हुआ हमला, 1 की मौत

**नई दिल्ली।** ओमान के पूर्वी तट के पास एमवी केप डाओ नामक एक व्यापारिक जहाज पर हुए हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। इस घटना में जहाज पर सवार कुल 20 भारतीयों में से 1 की दुखद मौत हो गई है। जबकि 19 अन्य को बचा लिया गया है। मृतक भारतीय नागरिक के परिजनों के प्रति नई दिल्ली ने अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। ओमान में मौजूद भारतीय दूतावास समूचे हालात पर पैनी निगाह रखे हुए है। बाकी 19 लोगों की वतन वापसी के लिए ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।



### यूएई में भारतीय की हत्या, 9 टुकड़ों में काटा

**शारजाह।** भारत के एक शख्स की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में हत्या कर दी गई है। कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले एल्विन प्रकाश की लाश 9 टुकड़ों में मिली। जुलाई महीने में हुई इस वारदात का खुलासा दो माह बाद तब हुआ जब भारत में रह रहे उनके परिवार ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पता चला कि बीते जुलाई महीने में ही एल्विन की हत्या हो गई थी और उनका शव दो 9 टुकड़ों में कटा हुआ बरामद हुआ था। बॉडी के टुकड़े 2 बैग में भरे थे और एक कार में बंद थे। एल्विन की पत्नी और बेटा अब भी गायब हैं।



सीईएलएस के विदेश मंत्रियों की बैठक में एस. जयशंकर बोले

दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत

# भारत की आर्थिक ताकत से ग्लोबल साउथ को मिलेगा सहयोग, साझा समृद्धि के लिए अहम

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों को भरोसा दिलाया कि बड़ी आर्थिक शक्ति के तौर पर भारत का उभरना उसे 'ग्लोबल साउथ' के देशों के साथ साझा समृद्धि के लिए योगदान देने में सक्षम बनाता है। उन्होंने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान 'कम्युनिटी ऑफ लैटिन अमेरिकन एंड कैरिबियन स्टेट्स' (सीईएलएसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए भारत की बढ़ती आर्थिक और तकनीकी क्षमताओं का उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि पिछले दशक में भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है। हमारी जीडीपी दोगुनी से अधिक हो गई है और विकास दर मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत के पास बड़ा और तेजी से कुशल हो रहा मानव संसाधन आधार, बढ़ती क्षमताएं, बड़ा बाजार, मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बढ़ती क्षमताएं हैं।

- आपदा के दौरान भारत ने की हर संभव मदद


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बैठक को संबोधित करते हुए

### वैश्विक विकास के लिए है भारत का जुड़ाव

विदेश मंत्री ने कहा कि इन क्षमताओं ने वैश्विक विकास और 'ग्लोबल साउथ' के साझेदारों के लिए सार्थक योगदान देने की भारत की क्षमता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के साथ भारत का जुड़ाव संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह एकजुटता और साझा समृद्धि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जयशंकर ने कैरिबियन क्षेत्र में आपदा के दौरान भारत की सहायता का भी उल्लेख किया। उन्होंने पिछले साल जमैका में आए तूफान मेलिसा और इस साल वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत की मदद, कैरिबियन में विकास कार्यक्रमों के लिए समर्थन और लैटिन अमेरिकी देशों को दवाइयों की आपूर्ति का जिक्र किया।

### स्वास्थ्य, कृषि और ऊर्जा में सहयोग

जयशंकर ने उरुग्वे के विदेश मंत्री मारियो लुबेटकिन के साथ भारत-सीईएलएसी विदेश मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता की। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य और फार्मा, खाद्य और कृषि, ऊर्जा और संसाधन, छोटे और मध्यम उद्यमों तथा डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि सीईएलएसी देशों ने भारत की अगुवाई वाली पहलों को भी समर्थन दिया। इनमें इंटरनेशनल सोलर अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और मिशन लाइफ शामिल हैं।

### 100% टैरिफ मामले पर मार्को रुबियो के समक्ष जताई चिंता

*अमेरिका के विदेश मंत्री संग हुई जयशंकर की मुलाकात*



*नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र से पहले भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। जिसमें डॉ. एस. जयशंकर ने शत-प्रतिशत टैरिफ को लेकर नई दिल्ली की चिंताओं को स्पष्ट रूप से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष रखा। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्री ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें उन्होंने अपनी मुलाकात और इस बैठक को लेकर 'एक्स' पर लिखा कि संयुक्त राष्ट्र में जारी इस उच्च-स्तरीय सप्ताह के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर मुझे प्रसन्नता हुई है। बैठक के दौरान एसआरआईए के संबंध में भारत के हितों और चिंताओं को दोहराया है। इसके अलावा हमारी वार्ता में खाड़ी और यूक्रेन का मुद्दा भी शामिल किया गया। दोनों मामलों को लेकर बनी हुई स्थितियों पर भी हमने विचार-विमर्श किया।*

पीएम मार्क कार्नी का बड़ा बयान

## पीएम मोदी दिसंबर में आएंगे कनाडा, आर्थिक सहयोग पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ ओटावा


फाइल फोटो
पीएम मोदी और मार्क कार्नी

पीएम नरेंद्र मोदी दिसंबर में कनाडा की यात्रा कर सकते हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर इसकी पुष्टि की। कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच व्यापार वार्ता में अच्छी प्रगति हो रही है और दोनों देश साल के अंत तक व्यापार समझौता पूरा करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोगों के बीच संबंध, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग भी इसके अहम हिस्से हैं। मोदी का कनाडा दौरा ऐसे समय में होने जा रहा है, जब दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव को कम करने की कोशिश हो रही है। मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा भारत के साथ व्यापार वार्ता को इस साल के जी20 सम्मेलन तक पूरा करना चाहता है।

### *व्यापार 70 अरब डॉलर तक पहुंचेगा*

*कनाडा सरकार का मानना है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कनाडा की ओर से कहा गया है कि समझौते के बाद भारत-कनाडा व्यापार मौजूदा स्तर से बढ़कर करीब 70 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। मार्क कार्नी ने पिछले साल जी20 सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के साथ व्यापार वार्ता फिर शुरू की थी।*

### सीईपीए को देंगे अंतिम रूप

सूत्रों के मुताबिक इस संभावित दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए पीएम मोदी दिसंबर में कनाडा का दौरा कर सकते हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना और चल रहे व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) से जुड़े अहम समझौतों को अंतिम रूप देना है।

सैटेलाइट नेविगेशन की मदद से दुश्मनों पर मारेंगे बम

## रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ किया 810 करोड़ का समझौता

नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए 160 सैटेलाइट स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन-सेट-सॉ और उससे जुड़े उपकरणों की खरीद के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 810 करोड़ रुपए से अधिक का समझौता किया है। इस समझौते पर बुधवार को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। सेट-सॉ की आपूर्ति वर्ष 2027-28 और 2028-29 के बीच की जाएगी। सेट-सॉ हवा से जमीन पर मार करने वाला सटीक निर्देशित ग्लाइड बम है।


राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर

### निर्माण में 60 प्रतिशत स्वेदशी सामग्री

इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन-डीआरडीओ ने देश में ही डिजाइन और विकसित किया है। इसमें 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री होगी। इसके साथ ही इनिशियल मेजरमेंट यूनिट, लॉन्ग इम्पैक्ट डिले फ्यूज और ट्विन स्टोर कैरियर जैसे उप-प्रणालियों का भी स्वदेशीकरण किया जाएगा। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेट-सॉ को वायु सेना में शामिल किए जाने से उसकी परिचालन क्षमता बढ़ेगी। इससे वायु सेना निर्बाध रूप से अपने अभियान जारी रख सकेगी और देश की रक्षा तैयारियों को भी मजबूती मिलेगी।

बलूचिस्तान की 'शेरनियां' जंग के लिए तैयार

## अब बीएलएफ ने बनाई महिलाओं की करीमा आर्म्ड असॉल्ट डिवीजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बलूचिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे सशस्त्र संघर्ष में महिलाओं की भूमिका अब एक नए स्तर पर पहुंचती दिखाई दे रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने पहली बार महिलाओं की एक अलग सशस्त्र यूनिट बनाने का ऐलान किया है। इस यूनिट का नाम करीमा आर्म्ड असॉल्ट डिवीजन (केएएडी) बताया गया है। बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर ग्वाहराम बलोच के मुताबिक, केएएडी ने अपनी पहली सैन्य कार्रवाई 22 सितंबर 2026 को बलोचिस्तान के तुरबत के जोस्क इलाके में की। इसका गठन बलोच महिलाओं को सीधे सशस्त्र संघर्ष में शामिल करने के लिए किया गया है। इस यूनिट का नाम करीमा बलोच के नाम पर रखा है जो अलगाववादी आंदोलन का महिला चेहरा रही थीं।


प्रशिक्षण लेती महिलाएं

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, रहेंगे

## भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने के बजाए पाकिस्तान को नसीहत दे ओआईसी

नई दिल्ली

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी की गई संयुक्त विज्ञप्ति को भारत ने बुधवार को दो टूक अंदाज में खारिज कर दिया है। एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि संगठन को नई दिल्ली के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार की कोई टीका-टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित दोनों केंद्रशासित प्रदेशों का यह क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा बना रहेगा।


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

**पूरी तरह से निराधार है बयान**

मंत्रालय ने कहा कि राजनीतिक रूप से प्रेरित बयानबाजी व दुष्प्रचार करने से जमीनी सच्चाई में कोई तब्दीली नहीं आएगी। यह बयान पूरी तरह से तथ्यों से परे और गलत है। भारत ने कहा कि ओआईसी आतंकवाद का समर्थन करने वाले पाक को नसीहत दे।

### सवालों के घेरे में संगठन की विश्वसनीयता

ओआईसी द्वारा बार-बार जम्मू-कश्मीर को लेकर की जाने वाली इस तरह की बयानबाजी से उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े होते हैं। भारत ने कहा कि संगठन को पाकिस्तान को भारत के खिलाफ किए जाने वाले अपने मनगढ़ंत दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के लिए ओआईसी द्वारा अपना मंच उपलब्ध कराने की बजाए अच्छा यह होगा कि ओआईसी आतंकवाद के मामले को लेकर पाकिस्तान को ये कहा जाए कि वो मामले पर स्वयं आत्म-अवलोकन करे।

यूएनजीए सत्र से इतर जीसीसी-मध्य पूर्व के देशों के साथ हुई बैठक में बोले ट्रंप

वैकल्पिक मार्गों से कच्चा तेल सुरक्षित ढंग से पाइपलाइन के जरिए बाहर निकालें

## भारत की भागीदारी वाली आईमैक प्रोजेक्ट का करते हैं पुरजोर समर्थन

नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र से इतर बुधवार को हुई खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और मध्य-पूर्व के देशों की एक उच्चस्तरीय महत्वपूर्ण बैठक में अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार भारत की भागीदारी वाली आईमैक (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) परियोजना का पुरजोर अंदाज में समर्थन करती है। बैठक में इराक, जॉर्डन, कतर और सीरिया जैसे जीसीसी देशों शीर्ष राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल हुए।


जीसीसी और मध्य-पूर्व देशों की बैठक को संबोधित करते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

### *ऊर्जा अवसंरचनाओं को ईरान से दूर ले जाना जरूरी*

*उन्होंने कहा कि पश्चिम-एशिया के देशों, वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते तेहरान के आतंकवादी हमलों के बीच मध्य-पूर्व की ऊर्जा अवसंरचनाओं को ईरान के नियंत्रण वाले संवेदनशील इलाकों से दूर ले जाने की आवश्यकता है। इसकी मदद से हमें दशकों से चली आ रही एक पुरानी बीमारी से आजादी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसे लेकर हम लगभग अंतिम पड़ाव पर पहुंच गए हैं।*

### *वैकल्पिक मार्गों को ढूंढना जरूरी*

*ट्रंप ने कहा कि आईमैक और ऐसे बाकी वैकल्पिक मार्गों के जरिए हम कच्चे-तेल को सुरक्षित ढंग से पाइपलाइनों के जरिए बाहर निकाल सकेंगे। उन्होंने कहा, पड़ोसी देशों में वाणिज्यिक जहाजरानी पर एक के बाद एक हमले जारी हैं। जिससे यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि अब वैकल्पिक मार्गों को ढूंढना बेहद जरूरी हो जाता है।*

### नई दिल्ली में हुई आईमैक की स्थापना

आईमैक परियोजना को करीब तीन साल पहले वर्ष 2023 में भारत की राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से लॉन्च किया गया था। जिस पर भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूरोपीय संघ (ईयू), फ्रांस, जर्मनी और इटली ने हस्ताक्षर किए थे। परियोजना का उद्देश्य भारत-मध्य पूर्व और यूरोप के बीच व्यापार तथा आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र में बंदरगाहों, रेलवे, सड़कों, समुद्री मार्गों, ऊर्जा पाइपलाइनों सहित डिजिटल अवसंरचनाओं का एक व्यापक नेटवर्क खड़ा करना है। 2023 में इसे चीन की 2013 के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समकक्ष एक पारदर्शी, सतत और ऋणमुक्त विकल्प के रूप में भी देखा जा रहा था। लेकिन अब इस पर ईरान और उसके द्वारा पश्चिम-एशिया युद्ध के बीच खाड़ी देशों पर किए जा रहे ताबड़तोड़ हमले के मध्य एक अन्य सुरक्षित व्यापारिक मार्ग के रूप में ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। बता दें, आईमैक के कुल मार्ग की लंबाई 4 हजार 800 किमी है। ये गलियारा दो भागों में विभक्त है। पूर्वी गलियारा भारत को पश्चिम एशिया, मध्य पूर्व से जोड़ता है। जबकि उत्तरी गलियारा पश्चिम-एशिया और मध्य पूर्व को यूरोप से जोड़ता है। भारत का आईमैक में मुंद्रा (गुजरात), कांडला (गुजरात) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (नवी मुंबई) जैसे बड़े बंदरगाह शामिल हैं।

यूएनजीए में बोले ईरान के राष्ट्रपति मसूद

## ट्रंप ने हमें आतंकी कहा, लेकिन हम तो खुद ही आतंकवाद से पीड़ित देश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और इजराइल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा ईरान का हक है और ईरान अपनी आत्मरक्षा के लिए लड़ रहा है। पेजेशकियान ने कहा कि कल ट्रंप ने हमें आतंकवादी बताया, जबकि हम आतंकवाद के शिकार रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के निर्दोष नागरिकों को हमलों का निशाना बनाया गया। अमेरिका और इजराइल ने अत्याधुनिक तकनीक के साथ हम पर हमला किया। हमें निशाना बनाया, लेकिन हमने घुटने नहीं टेके। हमने पूरी ताकत से अपना बचाव किया। ईरान अपनी आत्मरक्षा कर रहा है। यूएनजीए में पेजेशकियान का संबोधन शुरू होते ही यूएस प्रतिनिधिमंडल ने असेंबली हॉल छोड़ दिया। पेजेशकियान ने ईरान में एक स्कूल पर हुए हमले का भी जिक्र किया। बच्चों की तस्वीरें दिखाते हुए उन्होंने कहा कि ये बच्चे निर्दोष थे और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था।


राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in